# यश भारत
नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 84 ● कटनी ● गुरुवार, 27 अप्रैल, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष 8 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935


**जबलपुर में आज का मौसम**

गुरुवार सुबह का तापमान

19.2 डिसे सामान्य से 6 डिसे कम

दोपहर 12 बजे तक

27 डिसे

आज भी तेज हवा के साथ बूंदाबांदी के आसार

## जो बाइडन की चेतावनी- तो उत्तर कोरिया का अंत निश्चित

वॉशिंगटन, एजेंसी। दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने मिलकर उत्तर कोरिया के अंत की चेतावनी दी है. राष्ट्रपति जो बाइडन और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल ने कहा है कि अगर उत्तर कोरिया हमला करता है तो इसकी प्रतिक्रिया विनाशकारी होगी यानी अगर वह अपने स्वयं के शस्त्रागार का उपयोग करता है तो उसे परमाणु प्रतिक्रिया और वहां के शासन के अंत का सामना करना पड़ेगा. ओवल ऑफिस वार्ता के बाद बाइडन ने यून के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दक्षिण कोरिया के लिए अमेरिकी सुरक्षा कवच है।

**खरगोन में लोकायुक्त का छापा**

# करोड़ों का आसामी निकला पटवारी

### 4.50 लाख नगदी, सोने-चांदी के आभूषण, एलआइसी की पालिसी मिली



■ खरगोन, यशभारत।

इंदौर की लोकायुक्त टीम ने खरगोन के पटवारी जितेंद्र सोलंकी के यहां कार्रवाई की। लोकायुक्त टीम ने पटवारी के गौरीधाम स्थित मकान सहित एक साथ चार ठिकानों पर कार्रवाई की जा रही है। आय से अधिक संपत्ति के मामले में टीम ने यह कार्यवाई की। प्रारंभिक जांच में पटवारी के पास करोड़ों की संपत्ति होना पाया गया है। पटवारी के घर में 4.50 लाख रुपये नगदी के अलावा सोने-चांदी के आभूषण, एलआइसी की पालिसी भी है। इसके अलावा पटवारी की इंदौर में छह दुकानों के अलावा चंदन नगर में मकान भी है।पटवारी का इंदौर के चंदन नगर में छह दुकान, इंदौर में एक फ्लैट, खरगोन के राधा वल्लभ मार्केट में एक दुकान, ईश्वरी नगर में तीन मंजिला मकान, एक चार पहिया वाहन, मूलठान और मोघन में कृषि भूमि के साथ गोगांवा में दुकान भी है। इंदौर लोकायुक्त डीएसपी संतोष भदौरिया और प्रवीण बघेल के नेतृत्व में 22 सदस्यीय टीम द्वारा एक-साथ आय से अधिक संपत्ति को लेकर चार स्थानों पर कार्रवाई की जा रही है। पटवारी जितेंद्र सोलंकी गोगांवा तहसील के हल्का नंबर 36 में है पदस्थ है। टीम की कार्रवाई जारी है और अभी भी करोड़ों की संपत्ति का खुलासा हो सकता है।

## सीबीआई ने एफसीआइ के दो कर्मचारियों को 40 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया



सीबीआई की चार सदस्यीय टीम ने बुधवार को भारतीय खाद्य निगम (एफसीआइ) भोपाल के दो कर्मचारियों को 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। दोनों तकनीकी सहायक के पद पर कार्यरत हैं। इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। इन्होंने वेयर हाउस संचालक से उसका गोदाम भरने और अधिक से अधिक समय तक वहां अनाज रखे जाने के एवज में रिश्वत ली थी। आरोपित कर्मचारी तकनीकी सहायक ग्रेड-एक अभिषेक पारे और तकनीकी सहायक ग्रेड-तीन गौरीशंकर मीणा हैं। सीबीआई सूत्रों ने बताया कि आरोपितों ने इसके लिए कुल एक लाख पांच हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। बातचीत के बाद शुरू में 50 हजार रुपये देने की रजामंदी हुई थी। दोनों कर्मचारियों ने यह धमकी भी दी थी की रिश्वत नहीं दी तो गोदाम में भरने के लिए अनाज नहीं दिया जाएगा, जिससे व्यापारी को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। इसके बाद वेयरहाउस मालिक ने 17 अप्रैल को 10 हजार रुपये की रिश्वत दी थी। व्यापारी ने इसकी शिकायत सीबीआइ भोपाल इकाई को की थी। बुधवार को सीबीआइ एएसपी अतुल हजेला के नेतृत्व में निरीक्षक सतीश बरवाल, अभिषेक सोनेकर, सुनील गुप्ता और उप निरीक्षक सुभाष तोमर ने इन कर्मचारियों की घेराबंदी ही। दोपहर में कर्मचारियों ने वेयरहाउस संचालक को होशंगाबाद रोड स्थिति शनि मंदिर के पास रिश्वत के लिए बुलाया। जैसे ही कर्मचारियों ने 40 हजार रुपये लिए तो सीबीआइ टीम ने उन्हें पकड़ लिया। आरोपितों के कार्यालय और घर की तलाशी भी ली जा रही है।

### जबलपुर में भी कार्यवाही, दस्तावेज जब्त

उधर, जबलपुर के इंडियन इंस्टीट्यूट आफ इनफार्मेशन टेक्नोलाजी डिजाइन एवं मैन्युफैक्चरिंग में बुधवार को सीबीआई की आठ सदस्यीय टीम ने छापा मारा। तीन करोड़ रुपये के कंप्यूटर खरीदी घोटाले की शिकायत के बाद टीम ने यहां से दस्तावेज जब्त किए। यहां से हार्डडिस्क भी जब्त की गई है।

# कान्हा टाइगर रिजर्व में अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला



### वन्यजीवों के संरक्षण में चुनौती पर तीन दिन मंथन करेंगे विशेषज्ञ





■ मंडला, यशभारत।

मध्य प्रदेश में वानिकी अनुसंधान के वर्ष का शतक पूरा होने पर कान्हा टाइगर रिजर्व में गुरुवार से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वन्यजीव कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में वन्यजीव जनसंख्या प्रबंधन, वन्यजीव आवास पारिस्थितिकी, वन्यजीव नीति के मुद्दे-चुनौतियां और मानव वन्यजीव संघर्ष और समाधान जैसे तकनीकी विषयों पर देश-विदेश के विशेषज्ञ मंथन करेंगे। कार्यशाला आज से 29 अप्रैल तक चलेगी। कार्यशाला का शुभारंभ दोपहर 3 बजे राज्यपाल मंगू भाई पटैल करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। उल्लेखनीय है कि 27 मार्च 2022 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कार्यशाला आयोजित करने को कहा था। कार्यशाला में वन्यजीव विशेषज्ञ एवं कान्हा टाइगर रिजर्व व भारतीय वन्यजीव प्रबंधन संस्थान के पहले संचालक पद्मभूषण डाक्टर एचएस पवार सहित दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के वन्यजीव विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं।सूचना का अधिकार कार्यकर्ता अजय दुबे ने कार्यशाला में जनजातीय प्रतिनिधियों को नहीं बुलाने पर आपत्ति उठाई है। उन्होंने इस संबंध में राज्यपाल मंगुभाई पटेल से शिकायत की है। पटेल ने वन विभाग के अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया को लिखा है कि दुबे द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर कार्यवाही करें। दुबे ने कहा है कि प्रदेश की 21 प्रतिशत आबादी आदिवासी समाज से है और जंगल पर उनका अधिकार है। उनसे सामंजस्य बनाए बगैर वन्यजीवों के संरक्षण के बारे में नहीं सोचा जा सकता है। उन्होंने आपत्ति की है कि वन्यजीवों के संरक्षण में जुटे इस समाज के लोगों को आमंत्रित नहीं करना असंवैधानिक और अपमानजनक है।

### मंडला में मुख्यमंत्री करेंगे 224 करोड़ से अधिक लागत के लोकार्पण एवं भूमिपूजन

मंडला यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज निवास (देवरीकला) में आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना महासम्मेलन तथा मुख्यमंत्री भू-अधिकार आवासीय पत्रों के वितरण कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान 224 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे।

## धार में हत्या के आरोपित का एनकाउंटर, पुलिस टीम पर किए फायर, जवाबी कार्रवाई में हुआ घायल



■ धार, ईएमएस।

बसंत विहार कॉलोनी में हुए सनसनीखेज हत्याकांड में फरार चल रहा आरोपी को पुलिस ने मांडू रोड पर देलमी के समीप गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम पर फायर किए। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी आरोपी पर फायर किए जिससे एक गोली आरोपी के पैर में लगी है। आरोपी दीपक को गंभीर अवस्था में धार के निजी चिकित्सालय भिजवाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी मनोज कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे हैं। जानकारी के अनुसार आरोपी दीपक ने बसंत विहार कॉलोनी में युवती की गोली ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की चार टीमें घाटाबिल्लोद, पीथमपुर और इंदौर में तलाश कर रही थी। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी मांडू रोड के देलमी के समीप समीप छुपा हुआ है। सीएसपी देवेंद्र सिंह धुर्वे टीम के साथ आरोपी को पकड़ने के लिए रवाना हुए। पुलिस टीम को देख आरोपी ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस भी फायरिंग की जिससे एक गोली युवक के पैर पर लगी है। आरोपी को गंभीर अवस्था में धार के निजी चिकित्सालय भिजवाया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

## रेसलर्स के हक में आज जंतर-मंतर पहुंचेंगी खापें

■ रेवाड़ी, एजेंसी।

भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ धरना दे रहे पहलवानों के समर्थन में आज हरियाणा और पश्चिमी क्क की खाप पंचायतें दिल्ली के जंतर-मंतर पर पहुचेंगी। आज इन रेसलर्स के धरने का पांचवां दिन है। दिल्ली पुलिस को बृजभूषण के खिलाफ यौन शौषण की शिकायत देने और उन्हें गिरफ्तार करने की मांग कर रहे पहलवानों में शामिल ओलंपियन विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया ने खापों से साथ देने की अपील की थी। इसके बाद आज खाप नेता जंतर-मंतर पहुंच रहे हैं। क्छक्क सांसद बृजभूषण सिंह के खिलाफ लगातार राजनीतिक पार्टियों के नेता, किसान और खाप प्रतिनिधि इन पहलवानों का समर्थन करने पहुंच रहे हैं। हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी यूपी में खाप नेता पहलवानों के घर जाकर उनके परिवार को भी लड़ाई लड़ने का भरोसा दिला रहे हैं। किसान नेता राकेश टिकैत के अलावा उत्तर भारत की सबसे बड़ी खाप पंचायत पालम-360 के प्रधान चौधरी सुरेंद्र सोलंकी समेत हरियाणा की तमाम खापें पहलवानों के हक में आ चुकी हैं।

### किडनी फेल होने से मौत की कगार पर थी महिला...

# डॉक्टरों ने भी खड़े किए हाथ तभी पालतू कुत्ते ने बचा ली जान



■ लंदन, एजेंसी।

किडनी फेल होने की वजह से एक महिला मौत की कगार पर थी. डोनर नहीं मिल रहा था. डॉक्टरों ने भी हाथ खड़े कर दिए. तभी पालतू कुत्ते ने कुछ ऐसा किया कि उस महिला की जान बच गई। ब्रिटेन की रहने वाली लुसी हम्फ्री को कुछ दिन पहले ही किडनी की समस्या आई थी. वह डॉक्टर के पास गई तो डॉक्टरों ने कहा-उनका किडनी फेल कर गया है। ल्यूपस से भी वह पीड़ति हैं और ज्यादा दिन तक जिंदा नहीं रह सकतीं. बचने के लिए सिर्फ किडनी ट्रांसप्लांट ही एक उपाय है. लूसी ने हामी भर दी. लेकिन किडनी डोनर नहीं मिल रहा था. क्योंकि हम्फ्री को जिस मैच की किडनी चाहिए थी वह 2.2 करोड़ लोगों में से किसी एक का ही होता है. हम्फ्री जिंदगी के अंतिम दिन गिन रही थीं।

### रेयरेस्ट डोनर ढूंढ लाया इंडी

दिनभर वह अपने पालतू कुत्तों जेक और इंडी के साथ बिताती थीं. एक दिन वह दोनों को लेकर समुद्र के किनारे गई थीं, तभी इंडी सूंघते-सूंघते एक महिला के पास पहुंच गया. हम्फ्री बुलाती रहीं लेकिन वह महिला को छोड़ने के लिए तैयार नहीं था. हम्फ्री वहां गई और केटी जेम्स नाम की इस महिला से माफी मांगी. यहीं से दोनों के बीच बातचीत शुरू होने लगी. केटी उन्हें एक दुकान पर ले गई और कोल्डड्रिंक खरीदा लेकिन हम्फ्री ने पीने से मना कर दिया. उन्होंने जेम्स को अपने किडनी की समस्या बताई. यह भी बताया कि उन्हें डोनर नहीं मिल रहा है।


यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें

मो. 9407348995, 7999718732


# जय बदरीविशाल...जयकारों से गूंजी देवभूमि, बर्फबारी के बीच कपाट खुले



■ बदरीनाथ, एजेंसी।

देवभूमि उत्तराखंड में गुरुवार की सुबह जय बदरीविशाल की जयकारों के साथ हुई। भगवान बदरीनाथ के कपाट खुलने के मौके पर भव्य नजारा देखने को मिला। धाम में आस्था का सैलाब उमड़ा। बर्फबारी और कड़ाके की ठंड के बावजूद हजारों श्रद्धालु कपाटोद्घाटन के पावन क्षण के साक्षी बने। भक्तों के लिए भगवान बदरीनाथ के द्वार खुलने के साथ ही अब चारधाम यात्रा ने भी रफ्तार पकड़ ली है। आज बृहस्पतिवार प्रातः 7 बजकर 10 मिनट पर कपाट खुलने के इस पावन मौके पर अखंड ज्योति के दर्शन करने के लिए सैकड़ों श्रद्धालु धाम पहुंचे तो यात्रा पड़ावों पर चहल-पहल भी शुरू हो गई है। कपाट खुलने के दौरान धाम में करीब 20 हजार तीर्थयात्री पहुंचे। कपाटोद्घाटन के लिए टिहरी राजा के प्रतिनिधि के रूप में माधव प्रसाद नौटियाल भी धाम में मौजूद रहे। वहीं बदरीनाथ यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों में भी उत्साह और उल्लास का माहौल है।

# 11वीं का छात्र दे रहा था बीएससी की परीक्षा
# कॉलेज में मास्क उतरवाया तो खुली पोल



■ नई दिल्ली, एजेंसी।

सीहोर में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। बीएससी की परीक्षा देने 11वीं कक्षा का छात्र मास्क पहनकर पहुंच गया। शक होने पर मास्क हटवाया तो परीक्षक भी चौंक गए। पूछताछ में पता चला कि चचेरे भाई की शादी है और पिछले दिनों परिवार में गमी हो गई थी, इसलिए भाई की जगह वह परीक्षा देने आ गया। मामला चंद्रशेखर आजाद नोडल कॉलेज का है। फर्जी छात्र को कॉलेज प्रबंधन ने पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने छात्र से पूछताछ की तो उसने खुद को 11वीं कक्षा का छात्र बताते हुए कहा कि वह उसके चचेरा भाई की जगह परीक्षा देने कॉलेज पहुंचा है। उसके चचरे भाई की शादी है और पिछले दिनों परिवार में गमी हो गई थी, इसलिए भाई की जगह वह परीक्षा देने आ गया। ज्ञात रहे कि इन दिनों कॉलेज परीक्षा दो पॉलियों में चल रही है। मंगलवार को बीएससी फाइनल का बॉटनी विषय का दूसरा पेपर था। रूम नंबर 62 में सभी परीक्षार्थी बैठ गए थे। परीक्षा 11 बजे से शुरू हो गई। इसके बाद ड्यूटी शिक्षक दीपक बकोदिया सहित अन्य ने सभी विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र और फोटो मिलान शुरू किया। जब परीक्षक दीपक बकोदिया महात्मा गांधी कॉलेज के छात्र दीपसिंह पिता सलम सिंह की टेबल पर पहुंचे तो वहां परीक्षा दे रहे छात्र और प्रवेश पत्र की फोटो में अंतर दिखा। उन्होंने जैसे ही छात्र का मास्क उतरवाया तो वह भौंचक रह गए। परीक्षा रिकॉर्ड के फोटो और वहां परीक्षा दे रहा छात्र अलग-अलग थे। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना परीक्षा कंट्रोल रूम को दी। कंट्रोल रूम प्रभारी प्रो. प्रमिला जैन इस छात्र को प्राचार्य के पास लेकर गईं। जब प्राचार्य डॉ. सुमल रोहिला ने छात्र से पूछताछ की तो बार-बार अलग-अलग जवाब देता रहा। ऐसे में प्राचार्य डॉ. रोहिला ने कोतवाली पुलिस को सूचना कर छात्र को पुलिस के हवाले कर दिया। टीआई नलिन बुधोलिया ने बताया कि छात्र से पूछताछ की गई है। वह अव्यस्क है और 11वीं का छात्र है।

## बाहुबली सांसद आंनद मोहन जेल से आए बाहर DM की हत्या मामले में काट रहे थे उम्रकैद

■ पटना/सहरसा, एजेंसी।



बिहार के सहरसा जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां पूर्व सांसद एवं बाहुबली नेता आनंद मोहन आज जेल से रिहा हो गए हैं. मिली जानकारी के अनुसार गोपालगंज के तत्कालीन डीएम जी. कृष्णैया हत्याकांड मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आनंद मोहन आज अहले सुबह तीन बजे के करीब ही जेल से मुक्त हो गए हैं. ऐसे में भीड़ की आंशका को देखते हुए सहरसा कारा प्रशासन ने आनंद मोहन को सभी कागजी कारवाई करवाने के बाद जेल से मुक्त किया है। 1994 में गोपालगंज के तत्कालीन डीएम जी. कृष्णैया हत्याकांड मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व सांसद व बाहुबली नेता आनंद मोहन सिंह को जेल से रिहा करने का आदेश जारी हुआ था. वहीं आनंद मोहन के साथ एक दर्जन जेलों में बंद 27 बंदियों को भी मुक्त करने का आदेश जारी किया गया था, जिसके बाद गुरुवार को आनंद मोहन जेल से बाहर आ गए हैं।

### मप्र में फिर बदला मौसम

# तेज आंधी-तूफान के साथ कई स्थानों पर हुई बारिश



■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में एक बार फिर मौसम में बदलाव हुआ है। इसके साथ ही प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में फिर से आंधी-बारिश का दौर शुरू हो गया है। बुधवार शाम को तेज हवाओं के साथ कई जगह जमकर बारिश हुई। राजधानी भोपाल, इंदौर, रायसेन, गुना, नीमच, रतलाम, जबलपुर, खरगोन के साथ ही सागर, इटारसी, अशोकनगर आदि शहरों में तेज बारिश होने की सूचना है। वहीं, गुना में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। भोपाल में इंदौर में भी बारिश शुरू हो गई। रायसेन में गरज चमक और आंधी के साथ तेज बारिश हुई। इसके अलावा दोपहर में गुना, रतलाम, नीमच, जबलपुर, खरगोन, इटारसी, अशोकनगर और सागर में भी पानी गिरा। वहीं, इटारसी में ओले गिरे। गुना में बिजली गिरने से महिला की मौत भी हो गई। हादसा विजयपुर थाना क्षेत्र के बृसंगपुरा गांव में हुआ। राजगढ़ में भी रात में बारिश शुरू होने लगी। उधर, मंदसौर जिले के पिपलियामंडी में बारिश के बीच पेड़ गिर गया। इस दौरान तेज हवा, गरज-चमक के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग की मानें से अलग-अलग स्थानों पर बनी मौसम प्रणालियों के असर से मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज फिर से बिगड़ गया है। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से लगातार मिल रही नमी के कारण प्रदेश के सभी संभागों में बादल छा गए, साथ ही कहीं-कहीं बारिश भी हो रही है। बुधवार दोपहर बाद मौसम अचानक बदला और कई जगह बारिश हुई। इंदौर में रात होते-होते मौसम का मिजाज बदला और शहर में 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से तेज हवाएं चली। इसके बाद रात 9 बजे शहर में हल्की बूंदाबांदी भी हुई। बुधवार को दिन में भी हवाओं की गति तेज रही और दक्षिणी पश्चिमी हवाएं अधिकतम 20 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चली। मौसम विभाग का कहना है कि अगले 24 घंटों के दौरान नर्मदापुरम, जबलपुर संभाग के जिलों में भी ओले गिरने की भी आशंका है। मौसम का इस तरह का मिजाज तीनक्क्चार दिन तक बना रहने की संभावना है। बादल बने रहने के कारण अधिकतम तापमान में भी गिरावट बनी रहेगी। वरिष्ठ मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि हवाओं के साथ अरब सागर एवं बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है। इस वजह से मध्य प्रदेश के सभी जिलों में बादल छा गए हैं। गुरुवार को भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर, सागर, रीवा, जबलपुर, शहडोल संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। इस दौरान नर्मदापुरम एवं जबलपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं ओले गिरने की भी आशंका है।

# छत्तीसगढ़ फिर नक्सली आतंक से दहला

### रिटर्न रूट की जानकारी हुई लीक? एनकाउंटर से लौट रहा था 200 जवानों का काफिला



■ दंतेवाड़ा, एजेंसी।

बुधवार दोपहर में छत्तीसगढ़ एक बार नक्सली आतंक से दहल गया जब दंतेवाड़ा जिले में आईईडी ब्लास्ट में कम से कम 10 डीआरजी जवान और एक ड्राइवर की मौत हो गई। अरनपुर के पास घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने डीआरजी के वाहन में विस्फोट करने के बाद फायरिंग शुरू कर दी। जवानों को संभलने का मौका भी नहीं मिल सका और नक्ली अपने नापाक मंसूबों को अंजाम देने में कामयाब रहे। ये हमला तब हुआ जब डीआरजी की टीम एनकाउंटर से लौट रही थी। जानकारी के मुताबिक डीआरजी की टीम जिस रास्ते से लौट रही थी, उसकी जानकारी नक्सलियों को पहले से थी। इसी का फायदा उठाते हुए वे इस हमले को अंजाम देने में सफल रहे।

### धमकी को नजरअंदाज किया, SOP भी फॉलो नहीं की

नक्सलियों ने कुछ दिनों पहले एक पत्र में सुरक्षा बलों पर हमला करने की धमकी दी थी. उनका दावा था कि वे स्थानीय लोगों का शोषण कर रहे हैं और उनके लिए समस्याएं पैदा कर रहे हैं. जाहिर है, बुधवार को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में अरनपुर रोड पर जिला रिजर्व गार्ड के जवानों पर हुए हमले से पता चलता है कि चेतावनी को नजरअंदाज किया गया. तलाशी अभियान में किसी स्टेंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर का पालन नहीं किया गया. लगभग एक साल की शांति के बाद जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए इस आईईडी विस्फोट में डीआरजी के 10 कर्मियों और एक नागरिक की मौत हो गई है. प्रोटोकॉल के मुताबिक सुरक्षा बल किसी ऑपरेशन के दौरान खुफिया इनपुट मिलने और रूट को अच्छे से परखने के बाद ही आगे बढ़ सकते हैं।

## कटनी में विश्व की बहुकीमती धातुओं का खजाना

# मिसाइल, बैटरी बनाने में होगा धातुओं का प्रयोग





*कटनी, यशभारत। कटनी इन दिनों देश ही नहीं दुनियाभर के भूगर्भीय खजाने को लेकर चर्चाओं में बना है। दरअसल कटनी और सिंगरौली में सोना मिलने की खबर पहले ही काफी चर्चित हो चुकी है। स्वर्ण भंडार को लेकर अब तक जो भी जांच हुई हैं उसके उत्साहजनक परिणाम भी सामने आए हैं। स्वर्ण भंडार के बाद कटनी जिले में अन्य धातुओं के भंडार की भी पुष्टि हो चुकी है यह धातुएं ऐसी हैं जिससे मिसाइल बनाने तक में उपयोग होता है। साफ है आने वाले दिनों में माइनिंग के क्षेत्र में कटनी जिला काफी अहम होने वाला है।*

कटनी शहर के आसपास जो भी लेटराइट निकल रहा है, उसमें हाइ क्वालिटिकी की क्रिटिकल धातुएं पाई जा रही हैं। इसमें सैलेनियम, निकेल, टाइटेनियम, कोबाल्ट, ग्रेनियम, प्लेटिनम, बैनेडियम, क्रोमियम, लीथियम धातु शामिल हैं। यह कहीं पर ही बड़ी मुश्किल में मिलती हैं। विभाग के अनुसार इन अधिकांश धातुओं का देश में आयात हो रहा हैं। जानकारी के मुताबिक जीएसआइ के प्रारंभिक सर्वे में धातुओं के होने के प्रमाण मिले हैं। इसके बाद अब इसके लिए बड़ा निर्णय लिया जा रहा है। लेटराइट के माइनर मिनलर बंद करना है। इसे मेजर मिनलर में शामिल किया जाएगा। यह निर्णय इसलिए लिया जा रहा है क्योंकि ये धातुएं बहुत ही कीमती हैं, इंडिया में मिलती नहीं हैं। इनका उपयोग मिसाइल बनाने में होता है।

### टैक्नोलाजी के साथ शुरू होगा काम

टैक्नोलॉजी न होने के कारण इस सेक्टर में काम शुरू नहीं हो पा रहा है। इस धातु को निकालकर इसका सोधन करते हुए देश में ही उपयोग के लिए तैयार करने बहुत बड़ी इंडस्ट्री तैयार करना बेहद आवश्यक है। विभाग के अफसर मानते हैं कि हर हाल में देश में टैक्नोलॉजी लानी होगी, क्योंकि यह बड़ी मेहनत से खोज की गई है। 8 माह तक अफसरों व वैज्ञानिकों ने इसकी खोज की है। वैज्ञानिक यह बात भी कह रहे हैं कि यदि इस खोज का सदुपयोग देश के लिए नहीं हो पाया तो पूरी मेहनत बेकार चली जाएगी। इसे निकालकर सोधन के लिए विदेश भेजना कदापि उचित नहीं होगा। प्रारंभिक सर्वे में यह बात सिद्ध हो गई है कि कीमती धातुएं पर्याप्त मात्रा में हैं।

### सफलता नजदीक, 4 साल से जीएसआइ विभाग प्रयास कर रहा

इस प्रोजेक्टको चालू करने के लिए 4 साल से जीएसआइ विभाग प्रयास कर रहा है। नया क्षेत्र और नई तकनीक से इसे निकालना सबसे बड़ी चुनौती है। अंतर्राष्टीय स्तर पर इन धातुओं के लिए काम होता है, इसलिए हर बाधा को दूर करते हुए इस पर काम किया जाना बेहद आवश्यक है। प्रारंभिक सर्वे में मिली बड़ी सफलता के बाद जीएसआइ मुख्यालय भोपाल द्वारा केंद्रीय मुख्यालय कलकत्ता को दो बार प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। अब सिर्फ अनुमति के लिए इंतजार है। किस पद्धति से इन धातुओं को निकाला जाएगा, अब इसपर प्लानिंग की जा रही है। इस साल काम शुरू होने की पूरी संभावना है। साइंटिफिके-वे में काम होना है। विभाग को यह प्लान सिद्ध करके देना है कि विदेशों में इस पद्धति से धातुओं को निकालने और सोधन का काम हो रहा है।

#### लीथियम मोबाइल, लैपटॉप, बैटरी में उपयोग होता है

जानकारी के अनुसार वनेडियम चीन, रूस, दक्षिण आफ्रिका, अरुणाचाल प्रदेश आदि में पाई जाती है। अब कटनी में भी इसकी प्रचुर मात्रा होने की संभवना है। इसका उपयोग स्टील निर्माण में होता है। लीथियम जो कि मोबाइल, लैपटॉप, बैटरी में होती है। यह अमेरिका, आस्ट्रेलिया, चिली, चीन, अर्जेंटीना, जम्मू कश्मीर अब कटनी में भी पाई जाने वाली है। इसी प्रकार अमेरिका, रूस, चीना, जापान, वियतमान, मोजाम्बिक सहित देश में पाई जाने वाली टाइटेनियम धातु का उपयोग लड़ाकु विमान, मिसाइल, युद्धपोत, अंतरिक्ष यान, परमाणु रियेक्टर में होता है। प्लेटिनम सबसे ज्यादा रूस, कोलम्बिया, दक्षिण आफ्रिका व अपने देश में पाई जाती है, जिसकी अब कटनी में भी संभावना है।

### सब ठीक रहा तो हम देंगे दुनिया को कीमती खनिज

कटनी जिले में जिन धातुओं का प्रचुर भंडार मिला है उसमें सोना भर कीमती नहीं बल्कि अन्य वस्तुएं भी इतनी कीमती है कि दुनिया भर इस पर नजर जमाए रहती है। दरअसर बैनाडियम को निकालने के लिए जीएसआइ विभाग ने चैलेंस के रूप में लिया है टास्क, डिफेंस मिनरल्स के लिए होगा तेजी से काम।

ऐसी ही एक खनिज है लीथियम जीआईएस विभाग का मानना है कि लीथियम बैटरी में लगाने पर 100 साल के लिए बिजली सुरक्षित की जा सकेगी, मिसाइल के खोल तैयार करने में भी इस धातु का उपयोग हो हो रहा है।

यह ऐसा मिनरल है जो 1300 डिग्री टैप्रेंचर में भी यह नहीं जलता है। इससे बैटरी इंडस्ट्री तैयार होने से सस्ती बैटरियां लोगों को आसानी से मिल सकेंगी। सरकार और विभागों को संयुक्त निर्णय लेकर आगे की शुरू करनी होगी प्रक्रिया। मतलब साफ है कि कटनी देश के विकास के लिए बड़ा कारगर शहर साबित होगी, देश में ग्रीन एनर्जी सिस्टम को खड़ा करने में बड़ा योगदान हो सकेगा, धातुओं के विदेशों से आयात का समस्या होगी खत्म।

#### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

इस बारे में विशेषज्ञ की राय भी काफी पाजीटिव है। सुभ्रा सरकार, डिप्टी डायरेक्टर जनरल जीएसआई कहतीं हैं कि 1995 से क्रिटिकल मिनरल्स की खोज चल रही थी। अब जाकर कटनी में बड़ी सफलता मिली है। कोलकाता मुख्यालय को कटनी में मिनरल्स निकालने के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। सुभ्रा दास का कहना है कि हमारा काम एक्सप्लोर करके ब्लॉक देना व ब्लॉक को ऑक्सन के लिए तैयार करना होता है। आइबीएम द्वारा आगे की प्रक्रिया की जाती है। इन धातुओं की खोज से देश को बड़ा फायदा तब होगा जब यहीं पर इंडस्ट्री तैयार कर सोधन और उपयोग होगा। विशेष टैक्नोलॉजी से यहां पर काम किया जाएगा।

---

## कम किराए के बावजूद लोग सफर नहीं कर रहे

# सिटी बस की आदत नहीं कई मार्ग पर खाली चल रहीं



**कटनी, यशभारत।** कम किराए और सुविधा के बावजूद कटनी की बहुप्रतीक्षित मांग सिटी बस सेवा शुरू तो हुई लेकिन यह जनता को कुछ खास रास नहीं आ रही। कलेक्ट्रेट जाने वाले मार्ग को छोड़ दें तो सभी बसें फिलहाल अपनी ईधन का पैसा ही निकाल पा रही हैं। कटनी में सिटी बस की सेवा के लिए कथित तौर पर मुद्दा बनाने वाले हालांकि अब कुछ नहीं बोल रहे पर एक बात तय है कि कटनी फिलहाल छोटे शहर की मानसिकता से बाहर प्रतिदिन बसें सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक चलेंगी। चाका से बस शुरू होकर कुठला थाना, पन्ना मोड़, चांडक चौक, मिशन चौक, एसबीआइ तिराहा, सिविल लाइन, गणेश चौक, मुख्य रेलवे स्टेशन, कटायेघाट मोड़, माधवनगर, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, विश्राम बाबा गेट, कलेक्ट्रेट, बिलहरी मोड़, झिंझरी जेल, जिला न्यायालय, सायना मोड़, पीरबाबा से पापस होंगी। पीपीपी मोड में बसों का संचालन हो रहा है। सात वर्षों के लिए अनुबंध किया गया है। यात्रियों से किराया प्रति किलोमीटर 1.25 रुपए लिए जाएंगे। न्यूनतम किराया सात रुपए तय किया गया व चाका से पिपरौध तक का किराया 35 रुपए निर्धारित किया गया है।

### यह लिया जा रहा किराया

सिटी बसों में यात्रियों से 5 किलोमीटर तक 5 रुपए, सात किलोमीटर तक 10 रुपए, 10 किमी तक 13 रुपए, 12 किमी तक 15 रुपए, 15 किमी तक 20 रुपए, 17 किमी तक 22 रुपए, 20 किमी तक 26 रुपए, 22 किमी तक 28 रुपए, 25 किमी तक 32 रुपए, 27 किमी तक 39 रुपए, 32 किलोमीटर तक 41 रुपए किराया तय किया गया है। इस बस में महिलाओं और छात्रों के लिए पृथक से सीटों का आरक्षण किया गया है। महापौर ने कहा कि जल्द ही यह परिवहन सेवा कटनी से बड़वारा, कटनी से स्लीमनाबाद, कटनी से रीठी भी प्रारंभ की जाएगी।

### आदत में नहीं आया सिटी बस से सफर

उधर संचालन करने वाली कंपनी का मानना है कि फिलहाल कटनी के लोगों में सिटी बस से सफर करना आदत में नहीं आया। इसका व्यापक प्रचार प्रसार भी उतना नहीं है। शहर की आबादी के अनुसार यहां बीते दिनों में इलेक्ट्रिक आटो की सख्या में भी वृद्धि हुई है जिसका किराया कम है।

---

# बादलों की तेज गड़गड़ाहट से सहमे लोग

## बुधवार की शाम बिगड़े मौसम ने लोगों को परेशान कर दिया



**कटनी, यशभारत।** कटनी शहर सहित पूरे जिलों में बुधवार की शाम बिगड़े मौसम ने लोगों को परेशान कर दिया। बुधवार को शाम होते ही तेज गरज चमक के साथ आंधी शुरू हो गई और 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। आंधी ने शहर के कई घरों के टीन शेड उड़ा दिया। इसके साथ टीन टपरे सड़कों पर उड़ते दिखे। जिसने सड़क पर चल रहे वाहन चालक और राहगीरों को मुश्किल में डाल दिया। उन्हें तेज हवा और बारिश की वजह से सुरक्षित स्थानों पर दुबकना पड़ा। शहरी क्षेत्र में आंधी से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया हालांकि अच्छी बात यह थी कि कहीं से किसी बड़े हादसे की खबर नहीं है। कटनी देर रात तक बूंदाबांदी जारी रही। बादलों की गड़गड़ाहट से लोग सिहर उठे। हवा की रफ्तार कम है लेकिन भीषण गर्मी में ठंडी हवा लोगों को सुकून दे रही है। किसानों के माथे पर चिंता की लकीर हैं तो वहीं गर्मी के बाद एकयक मौसम में ठंडक बीमारियों को आमंत्रण देने वाला है। शहर में तेज हवा बारिश बादलों की गड़गड़ाहट से अगर सबसे ज्यादा कोई प्रभावित हुआ तो वह थी विद्युत व्यवस्था। शहर के तमाम स्थानों से बिजली बंद होने की खबर मिलती रही। रुक रुक कर बिजली का आना जाना लगा था। कटनी में अचानक मौसम में इस बदलाव की आशंका पहले ही मौसम विभाग ने जताई थी। आज भी मौसम के ऐसे ही रहने की उम्मीद है। बारिश और हवा के कारण तापमान में भी कमी हुई। बुधवार के पहले तक जहां लू चलने की संभावना व्यक्त की जा रही थी तो वहीं राम में हालात ऐसे हुए कि लोगों ने कूलर एसी बंद कर दिए। पंखे की हवा भी ठंडी थी। गर्मी के दिनों में ठंडी का यह मौसम स्वास्थ्य के लिहाज से काफी

### अगले दो दिन बारिश की संभावना, तापमान में भी कमी

अरब सागर से आ रही नमी और अलग अलग स्थानों पर बनी तीन मौसम प्रणालियों के कारण मध्य प्रदेश के अधिकतर जिलों में बादल के साथ तेज हवा और बारिश हो रही है। पश्चिमी हवा चलने के कारण तापमान में बढ़ोतरी भी होने लगी थी पर इस पर फिलहाल लगाम लग गई है। 40 डिग्री तक पहुंचने वाला तापमाल अब 32 से 35 डिग्री पर जा पहुंचाा। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक आने वाले शनिवार रविवार को जबलपुर संभाग के जिलों में गरज चमक के साथ वर्षा हो सकती है। उधर मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और उससे लगे पाकिस्तान पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। दक्षिणङ्कपश्चिमी राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। तमिलनाडु से विदर्भ तक एक ट्रफ लाइन बनी हुई है। इसके अतिरिक्त हवा का रुख लगातार पश्चिमी बना हुआ है। इन मौसम प्रणालियों के कारण अरब सागर से नमी आ रही है। जिसके चलते मध्य प्रदेश के अधिकतर शहरों में जहां बादल बन रहे हैं, वहीं तापमान में भी बढ़ोतरी भी हो रही है। अफगानिस्तान के आसपास बने पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखने लगा है। इस वजह से शनिवार को चंबल संभाग के जिलों में एवं दतिया, ग्वालियर, छिंदवाड़ा, पन्ना, सिवनी एवं कटनी जिले में गरजङ्कचमक के साथ वर्षा होने की संभावना है।

---

# कटनी सहित चार जिलों में कल पीएम मोदी वर्चुअली करेंगे एफएम सेवा का शुभारंभ



**कटनी, यशभारत।** कटनी सहित प्रदेश के चार जिलों में आकाशवाणी की एफएम सेवा का कल 28 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली शुभारंभ करेंगे। आकाशवाणी सूत्रों ने यह जानकारी दी। कटनी में लंबे समय से एफ एम की मांग होती रही । क्षेत्रीय सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व्हीडी शर्मा ने कटनी की इस मांग को लेकर सूचना प्रसारण मंत्रालय से लगातार संपर्क किया जिसके बाद अब वो घड़ी आ गई जब कटनी में भी एफएम लोग सुन सकेंगे। कटनी की इस मांग को लेकर जिला रेडियो श्रोता संघ तो करीब 2 दशक से सक्रिय है। प्रसारण सेवा के दायित्वों का बाखूबी से निर्वहन करने वाले आकाशवाणी का एफ एम सेवा का लगातार विस्तार हो रहा है। अब आगामी 28 अप्रैल से कटनी पन्ना दमोह नरसिहपुर और सिवनी में आकाशवाणी की एफ एम सेवा शुरू होने वाली है। इस सेवा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 अप्रैल को सुबह 11 बजे वर्चुअली करेंगे। इस सेवा के शुरू हो जाने से इन पांचो जिलों के आकाशवाणी के एफ एम सेवा प्रेमियों को विविध भारती के कार्यक्रम भोपाल आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय समाचार और प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम का निर्वाध लाभ ले सकेंगे। इन आकाशवाणी केन्द्र के एफ एम सेवा के लिए 100 वाट का एफ एम लगाया गया है। जो जबलपुर कलस्टर के अंतर्गत आते हैं।

# आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेना चाहिए

## जन अभियान परिषद द्वारा जगतगुरू आदि शंकराचार्य जी की जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यान कार्यक्रम




**कटनी यशभारत।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जगतगुरू आदि शंकराचार्य जी की जयंती के उपलक्ष्य में किया गया एकात्म पर्व आयोजन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी जिला में जगतगुरू आदि शंकराचार्य की जयंती के उपलक्ष्य में एकात्म पर्व आचार्य शंकर के जीवन व दर्शन विषय पर केंद्रित व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन आनंदम स्थल सभागार पुरानी कचहरी प्रांगण में 25 अप्रैल को दीपक सोनी जिला अध्यक्ष भाजपा की अध्यक्षता, शशांक श्रीवास्तव पूर्व महापौर के मुख्य आतिथ्य, रामाधार गौतम उपाध्यक्ष गरुड़ध्वज वेद पाठशाला रंगनाथ मंदिर, मृदुल मिश्रा जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, अंकिता तिवारी जिला मंत्री भाजपा अनिल कांबले डीपीएल आनंद विभाग कटनी के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया ।दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथि स्वागत के पश्चात म0प्र0जन अभियान परिषद के विकासखण्ड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र द्वारा जगत गुरू आदि शंकराचार्य जी के प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित एकात्म पर्व के अवसर पर कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुये बताया कि परिषद के राज्य कार्यालय भोपाल के निर्देशानुसार सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में आयोजित होने वाले एकात्म पर्व की श्रृंखला में विकासखण्ड कटनी में भी यह आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि शशांक श्रीवास्तव ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा है कि आदि गुरु अर्थात ऐसे गुरु जिनका न आदि का पता और नही अंत का पता वह तो स्वयं साक्षात भगवान शिव का अंश है । जिन्हें अल्पायु में ही समस्त शास्त्रार्थ का ज्ञान हो गया था । उनके द्वारा ही भारतवर्ष में विभिन्न वेदों, उपनिषदों, ग्रंथो आदि की रचना की गई है तथा भारत वर्ष को सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक एकता के एक सूत्र में बांधने हेतु देश के चार कोने में चार प्रमुख मठो की स्थापना की है जिन्हें हम श्रृंगेरी मठ, गोवर्धन मठ, शारदा मठ, ज्योतिर्लिंग मठ, जो हमारी हिन्दू धर्म सास्कृति के आधार है उन्हें अल्पायु में ही सत्य से साक्षात्कार हो गया था । विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता रामधार गौतम ने आचार्य शंकर के जीवन दर्शन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुवे बताया कि किस प्रकार उनके माता-पिता ने भगवान शिव की आराधना कर उन्हें प्राप्त किया। आचार्य शंकर ने अपने जीवन के दूसरे वर्ष में ही स्थानीय भाषा के साथ-साथ संस्कृत भाषा का ज्ञान प्राप्त कर लिया था उसके बाद वह गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त करने गए और 8 वर्ष की आयु में उनके मन में वैराग्य हुआ । सन्यास लेने की उनके मन मे तीव्र इच्छा जागृत हुई संन्यास लेने के बाद उन्होंने भारत के चारों कोने में भ्रमण के लिए अपनी पदयात्रा प्रारंभ की। कार्यक्रम के अध्यक्ष दीपक सोनी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती के पावन अवसर पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम रखने का मूल उद्देश्य आज की पीढ़ी को धर्म सस्कृति एवं सभ्यता से जोड़ते हुए अध्यात्म की मुख्य धारा से जोड़ना है। साथ ही हम सब को भी आदि गुरु शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन से प्रेरणा लेते हुए सामाजिक समरसता के साथ साथ एकता के सूत्र में पिरोते हुए सार्वजनिक कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। आज की युवा पीढ़ी आधुनिक सुख सुविधाओं के कारण अपनी क्षमताओ एवं धर्म संस्कृति को समय के साथ भूलती जा रही है, उन्हें हमारी सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराना समय की आवश्यकता है । जो कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से ही संभव होगा । कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के विकासखण्ड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र एवं आभार प्रदर्शन परामर्शदाता रामानुज पांडेय द्वारा किया गया।

यश भारत

# सिटी न्यूज़

कटनी, गुरूवार, 27 अप्रैल 2023

आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

## यू-डाइस प्रोफाइल अपडेटेशन में लापरवाही, 42वीं रैंकिंग

### सरकारी स्कूलों के शिक्षकों पर होगी कार्रवाई, रूकेगा वेतन, स्वीकृत नहीं होंगे ग्रीष्मकालीन अवकाश, प्राइवेट स्कूलों की मान्यता रद्द करने की चेतावनी

**कटनी, यशभरत। जिले में यू-डाइस प्रोफाइल अपडेटेशन में लापरवाही का मामला सामने आया है। यू-डाइस प्रोफाइल अपडेटेशन नहीं करने को जिला शिक्षा केन्द्र के साथ ही जिला प्रशासन ने भी गंभीरता से लिया है। प्रशासन ने इस मामले में अनुशासनात्मक कार्यवाही के साथ ही प्राईवेट स्कूलों की मान्यता रद्द करने की चेतावनी दी है।**

जिला शिक्षा केन्द्र से प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिले के प्राथमिक, माध्यमिक, हाई व हायर सेकंडरी सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की 54 बिंदुओं में यू-डाइस प्लस स्टूडेंट्स प्रोफाइल में डाटा एंट्री की जानी थी। 25 अप्रेल तक हर हाल में प्रोफाइल अपडेट कराने के लिए कहा गया था, इसके बाद भी कई स्कूलों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। बताया जाता है कि यू डाइस

**प्रोग्राम ग्राडिंग इंडैक्स पीजीआई रैंकिंग में होता है उपयोग**



प्लस वर्ष 2022-23 के डाटा का उपयोग केन्द्र सरकार द्वारा वार्षिक कार्ययोजना निर्माण, समग्र शिक्षा की मॉनीटरिंग, प्रदेश व जिले की प्रोग्राम ग्राडिंग इंडैक्स पीजीआई रैंकिंग के लिए किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। इसके बावजूद जिले के 475 सरकारी प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों ने अब तक बच्चों की प्रोफाइल अपडेट नहीं की है। इसी प्रकार 79 हाइस्कूलों में भी मनमानी की जा रही है। इसके अलावा 157 प्राइवेट स्कूल संचालकों ने भी लापरवाही की है।

**कलेक्टर ने दी अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी**

कलेक्टर अवि प्रसाद ने कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। निजी स्कूलों की मान्यता रद्द करने की चेतावनी दी है। जिला पंचायत सीइओ के द्वारा कहा गया है कि जिन स्कूलों के प्रभारियों द्वारा प्रविष्टी नहीं कराई गई है, जिससे जिले की छवि धूमिल हो रही है और रैंकिंग पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। जिले की रैंकिंग प्रदेश में 42वें नंबर पर है। कार्य को गंभीरता से लेने के लिए कहा गया था, इसके बावजूद कई स्कूलों ध्यान नहीं दिया।

**इनका कहना है**

जिले के कई सरकारी व प्राइवेट स्कूलों ने छात्रों की यू-डाइस प्रोफाइल अपडेट नहीं की है। यह गंभीर लापरवाही है। इस मनमानी पर कलेक्टर व सीइओ ने नोटिस जारी करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**-के के डेहरिया, डीपीसी**

## कटनी को कल 3 दशक बाद मिलेगी एफएम की सौगात

### प्रधानमंत्री दिल्ली से करेंगे वर्चुअली उद्घाटन

**कटनी, यशभारत।** जिले के संगीत प्रेमियों की बहुप्रतीक्षित मांग एफएम रेडियो कल 28 अप्रेल को पूरी होने जा रही है, इसका विधिवत शुभारंभ कल 11 बजे प्रधानमंत्री दिल्ली से वर्चुअली करेंगें। इस शुभारंभ की समस्त तैयारियां आकाशवाणी के गणेश चौक स्तिथ कार्यालय में की जा चुकी है। इस सेवा के शुरू हो जाने से जिलेवासियों को आकाशवाणी के प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों का लाभ मिलेगा। आकाशवाणी केन्द्र के एफएम सेवा के लिए 100 वाट का एफएम लगाया गया है। जो जबलपुर कलस्टर के अंतर्गत आते हैं। गौरतलब है कि जिला




रेडियो श्रोता संघ द्वारा करीब 35 वर्षों से अनवरत एफएम रेडियो केंद्र की मांग की जा रही थी लेकिन सरकारों से सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा था। अपनी एक सूत्रीय मांग पर जिला रेडियो श्रोता संघ अड़िग रहा। जिसके फलस्वरूप कटनी जिले को यह सौगात मिलने जा रही है। रेडियो श्रोता संघ द्वारा नुक्कड़ नाटक, हस्ताक्षर अभियान, 10 वर्षों से लगातार पोस्टकार्ड लेखन, शहर के सभी संस्थाओं के लेटर पेड पर हजारों पत्रों के माध्यम से, चौराहों पर कवि सम्मेलन आदि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से संबंधित मंत्रालय का ध्यान आकर्षित कराया गया। एफएम की स्थापना को लेकर जिला रेडियो श्रोता संघ ने कभी भी हार नहीं मानी। 35 वर्षों की लगातार मांग के बाद सूचना प्रसारण मंत्रालय ने कटनी एफएम स्थापना की स्वीकृति प्रदान की। सूचना प्रसारण मंत्रालय द्वारा संघ को जानकारी दी गई है कि कटनी में एफएम रेडियो का रिले केंद्र संचालित होने जा रहा है। संघ के संयोजक अनिल ताम्रकार, अध्यक्ष संजीव वर्मा, उपाध्यक्ष अमर ताम्रकार, महासचिव अनिल तिवारी, सह सचिव अरुण कनौजिया मामा, सदस्य संजय सोनी, रज्जन रजक, पवन यादव, सुनील जैन, डॉ दिलीप वर्मा, प्रकाश सोनी, विपिन गुप्ता, राजू ताम्रकार, सत्तू सोनी, अभय ताम्रकार, प्रकाश पटेल, प्रेम सिंह ठाकुर, अजय सरावगी, रमाकांत निगम, नीरज वर्मा ने कल 28 अप्रेल को शुभारंभ अवसर पर दूरदर्शन के गणेश चौक स्तिथ कार्यालय में अधिक से अधिक संख्या में जिले के संगीत प्रेमियों से पहुंचने की अपील की है।



## मासूम फैजान को मिले न्याय, मोमबत्ती जलाकर लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**कटनी, यशभारत।** कटनी नदी के गाटरघाट स्थित कब्रिस्तान मार्ग पर 5 दिन पहले 8 वर्षीय बच्चे फैजान उर्फ फैजू की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की घटना के कई दिन बीतने के बाद बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराते हुए घटनास्थल से नमूने लेकर फारेंसिक जांच के लिए सैंपल भेजे हैं, लेकिन अभी तक घटना से जुड़ी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। 5 दिन पहले हुई इस घटना को लेकर पीड़ित परिवार के साथ ही क्षेत्र के लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। पीड़ित परिवार भी सदमे जैसी स्थिति में है। इस घटना के बाद आरोपियों का पर्दाफाश करने, पीड़ित परिवार को सांत्वना देने एवं मासूम फैजान को विनम्र श्रद्धाजंलि अर्पित करने के लिए शहर के हृदयस्थल सुभाष चौक में मुस्लिम और हिंदू समाज के लोगों द्वारा एकत्रित होकर मोमबत्ती जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। पीड़ित परिवार ने बताया कि मासूम फैजाने की मौत के बाद पुलिस असल अपराधियों की बजाए परिवार के लोगों को परेशान कर रही है। परिवार के सदस्यों को कई-कई घंटों तक पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है। परिजनों के साथ अन्य समाज के लोगों का आरोप है कि पुलिस मामले में गम्भीरतापूर्वक जांच न कर परिवार के लोगों को थानें में घंटो-घंटो बैठाकर प्रताड़ित कर रही है। इस अवसर पर हुसैन बख्श, जावेद बख्श, जहूर बख्श, ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के अध्यक्ष अजहरुद्दीन अज्जू भाई, फिरोज भाई, आरिफ भाई, संतू परौहा, पप्पू दीक्षित, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद शकील, सोनू बख्श, जिशाहन बख्श, मुस्लिम समाज व सभी धर्म के लोग उपस्थित रहे।

## अस्पताल को डस्ट फ्री बनाने पर फोकस

**कटनी, यशभारत।** नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टेंडर्ड व मुस्कान अभियान को लेकर राज्य स्तरीय असेसमेंट मंगलवार को पूरा हुआ। तीन सदस्यीय टीम सोमवार से असेसमेंट कर रही थी। राज्य स्तरीय असेसमेंट के लिए जिला अस्पताल दमोह के पैथालाजिस्ट डॉ अमित प्रकाश जैन, एमएच क्वार्डिनेटर प्रीति लाल, जिला क्वालिटी मॉनीटर शैरोन विल्सन ने असेसमेंट किया। बैठक, निरीक्षण, व्यवस्थाएं व रिकॉर्ड संधारण की रिपोर्ट तैयार की। टीम ने ओवरआल असेसमेंट करने के बाद पाया कि जिला अस्पताल में अब नेशनल असेसमेंट के लिए तभी खरी उतर पाएगी, जब जिला अस्पताल में सफाई व्यवस्था और सुदृढ़ की जा सकेगी। अस्पताल को पूरी तरह से डस्ट फ्री बनाना होगा। अस्पताल में मार्किंग, संकेतक बेहद आवश्यक हैं। इसके अलावा रिकॉर्ड को और बेहतर संधातिर करने के लिए



**नेशनल असेसमेंट में पास होने के बाद जिला अस्पताल को मिलेगा 30 लाख रुपए का एवार्ड**

सुझाव टीम ने दिए हैं। आरएमओ डॉ मनीष मिश्रा ने कहा कि राज्य स्तरीय असेसमेंट में जिला अस्पताल बहुत अच्छे पायदान पर है। पूरी उम्मीद है कि इस सर्वे में हम पास होंगे। परिणाम जारी होते ही नेशनल का असेसमेंट होगा। नेशनल में पास होने के बाद लगभग 30 लाख रुपए सालाना एवार्ड मिलने लगेगा, जिससे अस्पताल में व्यवस्थाएं और भी दुरुस्त की जाए सकेंगे। सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा ने कहा कि नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड व मुस्कान अभियान को लेकर दो दिनों तक राज्य स्तरीय टीम ने असेसमेंट किया। हम उपचार, मशीनरी, स्टॉफ की गुणवत्ता आदि में बेहतर पाए गए हैं। सफाई और रिकॉर्ड संधारण को दुरुस्त करने का सुझाव दिया गया है। इसमें पास होने की पूरी उम्मदी है। इसके बाद नेशनल असेसमेंट होगा।

## पूर्व मंत्री सत्येन्द्र पाठक के पुण्य स्मरण दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन कल

**कटनी, यशभारत।** गरीब, पीड़ित, शोषित समाज के उद्धार के लिए कार्य करने



वाले, जरूरत मंदों के मसीहा, कन्याओं के विवाह एवं सहयोग करने के लिए आज भी याद किए जाने वाले मप्र शासन के पूर्व मंत्री कर्मयोगी पंडित सत्येन्द्र पाठक के 28 अप्रैल पुण्य स्मरण दिवस पर निर्मल सत्य गार्डन, कटायेघाट मोड़ बरगवां में ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसमे बड़ी संख्या में लोगों द्वारा रक्तदान करते हुए पूर्व मंत्री पंडित सत्येन्द्र पाठक को विनम्र श्रद्धाजंलि अर्पित की जाएगी।

## कांग्रेस सरकार आते ही जनता को 500 रुपए में देंगे गैस सिलेंडर

### कटनी पहुंचे पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव, कांग्रेस नेताओं ने किया आत्मीय स्वागत



**कटनी, यशभारत।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं ने स्वयं का विकास किया है और कटनी को आज भी उपेक्षित रखा है। साधन और संसाधनों से समृद्ध होने के बाद भी मेडिकल कालेज और इंजीनियरिंग कॉलेज की सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। कटनी में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जनता आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को दो तिहाई बहुमत देकर सत्ता परिवर्तन करेगी। कांग्रेस सरकार आते ही जनता को 500 रुपए में गैस सिलेंडर, 100 रुपए में 100 यूनिट बिजली, प्रत्येक महिला को 1500 रुपए प्रतिमाह जैसे अनेकों जनहितकारी योजनाओं का लाभ दिया जायेगा। इसके पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अरूण यादव के लखापतेरी पहुंचने पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष विक्रम खम्परिया, ग्रामीण अध्यक्ष करण सिंह चौहान, पूर्व महापौर विजेंद्र मिश्रा, पीसीसी सदस्य मनु दीक्षित, रामनरेश त्रिपाठी, हरिशंकर शुक्ला, विजय पटेल, राकेश जैन कक्का, शिवकुमार यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंशु मिश्रा, जिला महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष रजनी वर्मा, रौनक खंडेलवाल, संतोष यादव, नीरज सिंह बघेल, कमल पांडे, ईश्वर बहरानी, प्रशांत जायसवाल, संजय सिंह गोरा, नारायण निषाद, संजय गुप्ता, दिग्विजय सिंह, विनोद छिरौलिय, रत्ना यादव, डॉ अदिता वर्मा, देवीदीन गुप्ता, अमित सिंह, अंकित चतुर्वेदी, अनुराग दहिया, राज मिश्रा, राहुल भोजवानी ने स्वागत किया। लखापतेरी से रवाना होकर पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव कटनी पहुंचे, जहां मिशन चौक में कांग्रेस पार्षद दल द्वारा युवा नेता दानिश अहमद व पार्षद अजरा शाहीन के घर में जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्षद दल की ओर से वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अमित शुक्ला, राजकिशोर यादव, कमलेश चौधरी, तुलाराम गौंटिया, मनोज गुप्ता, आफ्ताब अहमद, संदीप यादव, दानिश अहमद, विनीत जायसवाल, रमेश सोनी, विवेक पांडेय, सतपाल भाटिया, अजय गौंटिया, जगदीश निषाद, विजय बक्सरे, विनोद डेंगरे, सुरेश अहिरवार ने मिशन चौक में स्वागत किया।

## अंडर 22 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए टीम का चयन 30 को

**कटनी, यशभारत।** संभागीय क्रिकेट संघ जबलपुर के तत्वाधान में बालक अंडर 22 आयु समूह का एक दिवसीय टूर्नामेंट जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम का चयन किया जाना है। टीम के चयन के लिए 30 अगस्त 2000 के बाद जन्मे खिलाड़ियों से 30 अप्रैल को दोपहर 3 बजे फॉरेस्टर प्ले ग्राउंड में पहुंचने के लिए कहा गया है। चयनकर्ता के रुप में जिला क्रिकेट संघ के सचिव राजेश डेविड, हरिशंकर बाजपेई, एम बैनर्जी, विभाष पाटिल एवं विनीत बघेल उपस्थित रहेंगे।



**किराए से देना है**

एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।

संपर्क-8109417340

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परियोजना खण्ड कटनी

E mail:- mp.eephedkat@gmail.com phone no.07622-225752

क्रमांक 1623/का.यं./निप्रको./लो.स्वा.यां.परि.खण्ड/2023 — कटनी, दिनांक 20.04.2023

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 17-26/23-24

ई- टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर जिले के ढीमरखेड़ा विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग व नवीन नलजल योजना के कार्य, आर.सी.सी. ओवर हैड टैंक निर्माण, सी.सी. सम्पवेल निर्माण मोटर पंप स्थापना, पपं हाउस/ सम्पवेल निर्माण, पाईप लाईन बिछाने का कार्य, घर- घर कनेक्शन, अन्य कार्य एवं योजना का 90 दिन ट्रायलरन सफल संचालन- संधारण के कार्य हेतु निम्नानुसार निविदा म.प्र. लोक निर्माण विभाग में नवीन पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत फर्मो से आमंत्रित है।

| निविदा क्रमांक | सिस्टम निविदा क्रं. | विकासखंड | ग्राम की संख्या | निविदा लागत लाख में | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17/23-24 | 2023_PHED_269085_1 | DHEEMARKHEDA | 04 | 111.22 | 111220 | 12500 | 6 माह |
| 18/23-24 | 2023_PHED_269087_1 | DHEEMARKHEDA | 03 | 102.28 | 102280 | 12500 | 6 माह |
| 19/23-24 | 2023_PHED_269089_1 | DHEEMARKHEDA | 04 | 190.86 | 190860 | 12500 | 6 माह |
| 20/23-24 | 2023_PHED_269090_1 | DHEEMARKHEDA | 02 | 148.34 | 148340 | 12500 | 6 माह |
| 21/23-24 | 2023_PHED_269091_1 | DHEEMARKHEDA | 03 | 150.27 | 150270 | 12500 | 6 माह |
| 22/23-24 | 2023_PHED_269092_1 | DHEEMARKHEDA | 03 | 154.26 | 154260 | 12500 | 6 माह |
| 23/23-24 | 2023_PHED_269094_1 | DHEEMARKHEDA | 04 | 184.65 | 184650 | 12500 | 6 माह |
| 24/23-24 | 2023_PHED_269095_1 | DHEEMARKHEDA | 02 | 141.08 | 141080 | 12500 | 6 माह |
| 25/23-24 | 2023_PHED_269096_1 | DHEEMARKHEDA | 03 | 187.33 | 187330 | 12500 | 6 माह |
| 26/23-24 | 2023_PHED_269097_1 | DHEEMARKHEDA | 04 | 162.84 | 16284 | 12500 | 6 माह |

ऑनलाईन निविदा क्रय एवं बिड की अंतिम तिथि - 08.05.2023 18.00 बजे
ऑन लाईन निविदा दर खोलने की तिथि - 10.05.2023 12.00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर ( Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाईट पर देखें।

जी- 11995/23

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
परियोजना खण्ड कटनी फोन नं.-07622-225752

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज

28 अप्रेल से

रोजाना 3 शो



12.00 PM (AUDI-1)
06.00 PM (AUDI-1)
09.00 PM (AUDI-1)

Rate card
Diamond class...300/-
Platinum class...250/-
Gold class..........200/-
Silver class.........150/-

किसी का भाई किसी की जान

वैसे आपका नाम क्या है.. मेरा कोई नाम नहीं है, लेकिन मैं भाईजान नाम से जाना जाता हूं

Tickets Available on Book My Show


एडवांस बुकिंग चालू है, संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज

28 अप्रेल से

रोजाना 3 शो



01.00 PM (AUDI-2)
04.00 PM (AUDI-2)
07.00 PM (AUDI-2)

पीएस-2

कलाकार- एश्वर्या राय बच्चन, तृषा कृष्णन, जयराम रवि आदि।

Tickets Available on Book My Show


बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**सिटी मॉल बरही रोड में**

ऑल इंडिया रिलीज

28 अप्रेल से

रोजाना 3 शो



10.45 AM (AUDI-2)
03.00 PM (AUDI-1)
10.15 PM (AUDI-2)

बैड ब्वाय

कलाकार- नमाषि चक्रवर्ती, अमरीन कुरैशी, दर्शन जरीवाला आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

**नीरज सिनेप्लेक्स में**

ऑल इंडिया रिलीज



रोजाना 2 शो ता. 28 से 12 एवं सायं 3 बजे से

ईद के अवसर पर आ रहा है, आपका भाई और आपकी जान धमाकेदार एन्ट्री के साथ सपरिवार देखने योग्य फिल्म

किसी का भाई किसी की जान

कलाकार- सलमान खान, पूजा हेगड़े, शहनाज गिल, वेंकटेश, अभिमन्यु सिंह आदि।

Rate card
Box....120/-
Balcony.....100/-
Upper...80/-
Lower...80/-

नोट- एडवांस बुकिंग 18 अप्रेल से चालू है



## सीएम शिवराज ने किया पलटवार आप हाय-हाय ही करेंगे

# पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा किसानों की आय नहीं हाय बढ़ी

■ भोपाल, यशभारत।



मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ व सीएम शिवराजसिंह चौहान एक बार फिर किसानों के मुद्दे को लेकर बयानबाजी कर रहे है. कमलनाथ ने कहा कि शिवराजसिंह ने प्रधानमंत्री को भी अपने झूठ में शामिल कर लिया है, किसानों की आय नहीं हाय बढ़ी है. जिसपर सीएम शिवराजसिंह चौहान ने पलटवार करते हुए कहा कि कमलनाथ बेचारे किसान की बात क्या जाने उनका खेती से वास्ता ही क्या है वे तो हाय-हाय ही करेंगें.पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि शिवराजसिंह आपको जनता आपको पहले से ही झूठ की मशीन कहती है अब तो आपने प्रधानमंत्री को अपने झूठ में शामिल कर लिया. आपने किसानों की कर्ज माफी बंद कर दी. किसानों को एमएसपी पर मिलने वाला बोनस बंद कर दिया. 34 लाख किसानों को डिफॉल्टर बना दिया. आपने किसानों की बिजली महंगी कर दी. आपने किसानों को ओलावृष्टि का मुआवजा नहीं दिया. एमपी के किसानों की आमदनी पहले की तुलना में कम हुई है. किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई है, किसानों की हाय दोगुनी हुई है. किसानों की हाय लेकर कोई सत्ता में नहीं बना रह सकता. इसलिए किसान और मध्यप्रदेश की जनता अब आपको बाय कहने वाली है. जिसपर सीएम शिवराज ने कहा कि जाकी रही भावना जैसी प्रभु मूरत देखी तिन तैसी..वे तो हाय-हाय ही करेंगे. मैं अकेले रीवा का उदाहरण दे रहा हूं. गेहूं का उत्पादन साढ़े चार गुना हो गया है, जाकर देख लें. अब कमलनाथ बेचारे किसान की बात क्या जानें. उनका खेती से वास्ता ही क्या है।

# एमपी की सियासत के केंद्र में कमलनाथ का छिंदवाड़ा

## बीजेपी–कांग्रेस दोनों की चुनाव सूची में शामिल

**पीसीसी चीफ और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का गृह जिला और कांग्रेस का अभेद किला छिंदवाड़ा एक बार फिर मध्य प्रदेश की सियासत के केंद्र में है. एक ओर कांग्रेस जहां छिंदवाड़ा को विकास का मॉडल बता रही है तो वहीं बीजेपी के नेताओं का आरोप है कि कमलनाथ और कांग्रेस ने छिंदवाड़ा समेत पूरे मध्यप्रदेश की जनता से छलावा किया है भोपाल, यशभारत।. इस सबके बीच कांग्रेस अब छिंदवाड़ा को अपने विकास मॉडल के तौर पर पूरे प्रदेश में प्रजेंट करने की तैयारी में है. इसी के नाम पर जनता से वोटों की अपील भी करेगी**



कांग्रेस का दावा है अगर सरकार बनती है तो छिंदवाड़ा की तरह ही पूरे प्रदेश को डेवलप किया जाएगा. कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में विकास के कई आयाम स्थापित किए हैं. आदिवासी बाहुल्य जिले में हर घर, हर गांव तक बिजली पानी और रोजगार पहुंचाया है. पातालकोट जैसे इलाके को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा. सबसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान छिंदवाड़ा में बनवाए गए और स्किल डेवलपमेंट सेंटर की भी स्थापना हुई।

### सब कुछ है छिंदवाड़ा में

छिंदवाड़ा के संतरे पूरे देश में मशहूर हो रहे हैं.हनुमान जी की सबसे बड़ी मूर्ति की स्थापना छिंदवाड़ा में की गई है. सभी बड़ी कंपनियों के शोरूम छिंदवाड़ा में हैं. साथ ही राष्ट्रीय राजमार्गो की सबसे शानदार कनेक्टिविटी छिंदवाड़ा में है. कांग्रेस मीडिया विभाग उपाध्यक्ष अब्बास हाफिज ने कहा 2018 में भी हमने जनता के बीच छिंदवाड़ा का मॉडल रखा था और इन चुनावों में भी हम जनता के बीच अपने विजन के तौर पर छिंदवाड़ा को पेश करेंगे।



## रहवासियों के विरोध के आगे झुका प्रशासन

# गांधी भवन के सामने नहीं खुलेगी शराब दुकान

■ भोपाल, यशभारत।

जिले में शराब दुकानों को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले दिनों पुराना किला की शराब दुकान गांधी भवन के सामने खुलने के पहले ही विवाद में आ गई। यहां के रहवासियों और जनप्रतिनिधियों ने इस दुकान को नहीं खोलने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया था। इसको लेकर कलेक्टर आशीष सिंह ने नगर निगम को निर्देश दिए हैं कि उक्त दुकान के लिए कोई दूसरी जगह तलाशी जाए। अब यहां पर दुकान नहीं खोले जाने का निर्णय लिया है। बता दें कि यह दुकान पालीटेक्निक चौराहा से 100 मीटर दूर प्रियदर्शनी पार्क के कार्नर पर खाली जगह में बनाई गई है। इसके विरोध में स्थानीय लोगों के साथ पूर्व मंत्री पीसी शर्मा भी सामने आ गए थे। उनका कहना था कि गांधी भवन के सामने शराब दुकान खोलना बिल्कुल गलत है यहां पर नशामुक्ति केंद्र है। वहीं पीएनटी और डिपो चौराहा पर पहले से ही शराब दुकानें हैं। शहर के कई क्षेत्रों में शराब दुकानों को लेकर विरोध चल रहा है। शाहजहांनाबाद के रहवासियों ने मंगलवार को शराब दुकान को लेकर कलेक्टर से शिकायत की है। इसके अलावा अयोध्या नगर, शाहपुरा, करोंद और पटेल नगर की शराब दुकान पर सबसे ज्यादा विरोध लोगों ने किया है।पटेल नगर शराब दुकान की जगह तो बदली लेकिन पहले की जगह से कुछ दूरी पर खोल दी। रहवासियों ने अनमने मन से विरोध तो खत्म कर दिया, लेकिन इसके बाद शहर के कई इलाकों में रहवासी सड़क पर उतर आए हैं।

## नर्सिंग परीक्षा पर लगी रोक बरकरार!

# कोर्ट ने कहा-राजनीतिक संरक्षण में कॉलेज समाज में घोल रहे जहर

■ भोपाल, यशभारत।

हाईकोर्ट की ग्वालियर पीठ ने एक बार फिर नर्सिंग परीक्षा पर लगी रोक हटाने से इनकार कर दिया. कोर्ट ने मध्य प्रदेश नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल और निजी कॉलेज संचालकों की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताई. सख्त टिप्पणी करते हुए कहा राजनीतिक संरक्षण प्राप्त कॉलेज समाज में जहर घोल रहे हैं. ऐसे लोगों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी गई जो नर्सिंग का एन(ह) भी नहीं जानते। मध्यप्रदेश में 28 फरवरी को नर्सिंग की परीक्षा होनी थी. हाईकोर्ट की ग्वालियर पीठ में लगी जनहित याचिका के बाद परीक्षाओं पर रोक लगा दी गई थी. प्रदेश के हजारों छात्रों के भविष्य का हवाला देकर परीक्षा पर लगी रोक हटाने की गुजारिश कोर्ट से की गई है. इस मामले में सरकार के अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा था.



जिसमें उन्होंने बताया कि प्रदेश में 485 नर्सिंग कॉलेज हैं. इनमें 440 पुराने हैं जबकि 45 नए कॉलेजों को मान्यता दी गई है. 130 कॉलेज ऐसे हैं जो सीबीआई की जांच के दायरे से बाहर हैं. बाकी बचे 350 कॉलेजों के दस्तावेजों की जांच की गई है. इन कॉलेजों को मान्यता देने की प्रक्रिया की जांच की गई और इसकी रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश की गई है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट की ग्वालियर पीठ ने प्राइवेट कॉलेज संचालकों और मप्र नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल पर गंभीर टिप्पणी की है. ग्वालियर बेंच ने महाधिवक्ता से कहा आप अभी इस केस से जुड़े हैं, जबकि इन लोगों ने 3 साल में क्या-क्या तमाशा किया ये आपको नहीं बताया है. प्रदेश में एक बार धांधली हो चुकी है, ऐसे में हम उन्हीं लोगों को फिर से परीक्षा आयोजित कराने की जिम्मेदारी कैसे दे सकते हैं. मप्र नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल का रिकॉर्ड बहुत खराब है. उस पर भरोसा नहीं कर सकते. कोर्ट ने कहा राजनीतिक संरक्षण प्राप्त कॉलेज समाज में जहर घोल रहे हैं. ऐसे लोगों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई जो नर्सिंग का एन(N) भी नहीं जानते. वहीं कोर्ट ने मामले में सीबीआई अधिकारी को बुलाया है. माना जा रहा है कि सीबीआई को मामले की जांच सौंपी जा सकती है।

## स्कूल शिक्षा मंत्री बोले- कार्यालय में न बैठे रहें जिला शिक्षाधिकारी, स्कूलों का निरीक्षण करें

भोपाल यशभारत। जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) बनने के बाद अधिकारी बनकर अपने कार्यालय में नहीं बैठे रहें, बल्कि अपने जिले के स्कूलों का निरीक्षण करें। वे दौरे की आदत डालें और जिले के सभी स्कूलों में भ्रमण कर भवन, पुताई, बैठक व्यवस्था, बच्चों की उपस्थिति आदि विषयों पर कार्य करें। इससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। यह बात स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार ने मंगलवार को महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान में स्कूल शिक्षा विभागीय उच्च पद के प्रभार के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला के दौरान कही।उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग में उच्च पद के प्रभार संबंधी प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता की साथ 10 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसी का भी अहित न हो एवं नियम संगत और पारदर्शी प्रक्रिया पूर्ण की जाए। किसी तरह की कोई विसंगति न हो, पूरी प्रक्रिया सरलता से संपन्न करें। शिक्षा संवर्ग में ग्रेडेशन और पदोन्नति होने से अतिशेष की स्थिति दूर होगी। जिला शिक्षा अधिकारी विभागीय जांच एवं आपराधिक प्रकरण जैसे विषयों को ध्यान में रखते हुए बिना किसी भेदभाव के शिक्षकों की नियम संगत सीआर (गोपनीय चरित्रावली) अग्रेषित करें।




# एनएसयूआइ ने स्वास्थ्य मंत्री के बंगले के बाहर चिपकाए आपत्तिजनक पोस्टर, एफआइआर दर्ज

■ भोपाल, यशभारत।

एनएसयूआई (नेशनल स्टूडेंट यूनियन आफ इंडिया) के मेडिकल विंग के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी के शासकीय आवास के बाहर लगी नाम पट्टिका पर अजीबोगरीब पोस्टर चस्पा कर दिया। पोस्टर में कई आपत्तिजनक शब्द लिखे थे। इस तरीके के दो पोस्टर चस्पा कर एनएसयूआइ ने मेडिकल विभाग में हो रहे तबादलों का विरोध जताया है। प्रदर्शन के दौरान जब मंत्री के आवास पर तैनात पुलिस कर्मियों ने उनको रोका तो एनएसयूआइ के कार्यकत्तओं ने उनसे भी अभद्रता की। इस पर पुलिसकर्मी की शिकायत पर पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा की धाराओं में रवि परमार समेत दस लोगों पर एफआइआर दर्ज कर ली है। एनएसयूआइ मेडिकल विंग के संयोजक रवि परमार ने स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी पर आरोप लगाते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग में सभी नियमों को दरकिनार करते हुए लाखों रुपयों का लेन-देन कर धड़ल्ले से तबादले किए जा रहे हैं। इस भ्रष्टाचारी रवैये के कारण जरूरतमंद कर्मचारी परेशान हो रहे हैं। वहीं इतनी भीषण गर्मी में पूरे मध्यप्रदेश में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी नियमितीकरण और अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन और भूख हड़ताल कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तबादलों का कारखाना बंद नहीं हुआ तो प्रदेशभर में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन शुरू करेंगे।

## विरोध के बाद सरकार ने मप्र नगर पालिका व्यापार अनुज्ञापन नियम-2023 किया स्थगित

# ट्रेड लाइसेंस पूर्व की भांति ही लागू रहेगा

■ भोपाल, यशभारत।

व्यापारियों के बढ़ते विरोध के बाद अंततः राज्य सरकार ने मध्य प्रदेश नगर पालिका व्यापार अनुज्ञापन नियम 2023 को मंगलवार को स्थगित कर दिया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने 21 अप्रैल को इस नियम की अधिसूचना जारी की थी। पांचवें दिन ही इसे स्थगित करना पड़ा। हालांकि इन नियमों के लागू होने के पहले जिन नगरीय निकायों द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 अथवा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनयम 1961 के प्रविधानों के अनुसार निकाय स्तर पर व्यापार विनियमन के लिए व्यापार अनुज्ञप्ति (ट्रेड लाइसेंस) जारी करने के लिए शुल्क निर्धारित करके नियम लागू किए गए हैं, वह पूर्वानुसार लागू रहेंगे।उल्लेखनीय है कि नवीन नियमों के प्रकाशित होने के बाद विभिन्न नगरों संबद्ध व्यवसायियों, व्यापार समूहों एवं निकायों के स्थानीय जन-प्रतिनिधियों द्वारा नियमों में विसंगतियों की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया था। साथ ही इसका जमकर विरोध भी किया जा रहा था। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश के बाद इस नियम के क्रियान्वयन को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है।

नगरीय विकास और आवास विभाग ने मप्र नगरपालिका व्यापार अनुज्ञापन नियम में संशोधन कर प्रदेश के किसी भी शहर कस्बे में व्यापार करने पर नया टैक्स लागू कर दिया था। सभी नगर पालिक निगम, नगरपालिक परिषद और नगर परिषद व्यापारियों से उनके व्यवसाय स्थल यानी दुकान के क्षेत्रफल के हिसाब से कर वसूलने की व्यवस्था थी। यह नया कर संपत्तिकर, विज्ञापन कर और पहले से लागू अन्य शुल्कों के अतिरिक्त था। निगम को सड़क की चौड़ाई के अनुपात में प्रति वर्गफीट चार से छह रुपये, नगरपालिक परिषद को तीन से पांच रुपये और नगर परिषद को दो से चार रुपये प्रति वर्ग फीट टैक्स सालाना वसूलने के अधिकार दे दिए थे। हालांकि नगर निगम के लिए अधिकतम सीमा 50 हजार रुपये, नगर पालिका परिषद के लिए 25 हजार और नगर परिषद के लिए 15 हजार रुपये तक की गई थी। इतना ही नहीं वाहनों से व्यापार करने वालों पर भी टैक्स लगा दिया गया था। नए टैक्स की अधिसूचना होते ही व्यापारियों ने नाराजगी जताते हुए इसे गलत बताया था।



# गृह निर्माण सहकारी समिति की जमीन पर भूमाफिया का कब्जा

■ भोपाल, यशभारत।

जिले में गृह निर्माण सहकारी समिति की जमीनों पर भूमाफिया की नजर बनी हुई है। अभी तीन समितियों के मामले में प्रकरण दर्ज कराए गए हैं। इसी बीच एक और समिति की मामला मंगलवार को कलेक्टर जनसुनवाई में पहुंचा। जिसमें समिति के सदस्यों ने कलेक्टर आशीष सिंह से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा लगभग 70 आवेदकों ने अपनी समस्याएं जनसुनवाई में बताई। जिनमें से तत्काल निराकरण होने वाली समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया और अन्य को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निराकरण के लिए भेजा गया है। जनसुनवाई में अपर कलेक्टरहरेंद्र नारायण, डिप्टी कलेक्टर अंकिता त्रिपाठी सहित अन्य सभी विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

टीलाजमालपुरा के हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी शशि पाल आनंद, बिहारीलाल तिवारी, कुसुम चौकसे ने शिकायती आवेदन देते हुए बताया कि नवीबाग में महाशक्ति गृह निर्माण सहकारी समिति की बेशकीमती जमीन मौजूद है। जिसे भूमाफिया, बिल्डर और विभाग के अधिकारियों द्वारा मिलकर हड़पने का प्रयास किया जा रहा है। उनकी शिकायत पर कलेक्टर ने एसडीएम को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा वार्ड क्रमांक पांच ओल्ड डेरीफार्म कर्नल के बंगले केपास तालाब के किनारे रहने वाले सभी रहवासियों ने शिकायत की है।

### यह भी पढ़ें

की है कि तालाब के पास कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है रातों-रात झुग्गियां बनाकर बेची जा रही है। इस पर कलेक्टर ने संत हिरदाराम नगर के एसडीएम को कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए हैं।

### आवश्यक रूप से करें सुनवाई

कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सभी जनपद और एसडीएम कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की जाए और इसके लिए बेहतर व्यवस्था करें।उन्होंने कहा कि जनसुनवाई आमजन की समस्याओं को सुनने, समझने व हल करने का बेहतर साधन है। इससे अधिकारी भी जिले की परिस्थितियों से अवगत होते हैं। सभी जिला अधिकारी इसको गंभीरता से लें।



# होटल मैनेजमेंट कोर्स की मान्यता रद होने से आक्रोशित छात्रों ने किया विरोध-प्रदर्शन

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी स्थित एनआरआइ कालेज की होटल मैनेजमेंट पाठ्यक्रम की मान्यता रद हो जाने के बाद प्रवेश ले चुके विद्यार्थियों ने कालेज प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। एनएसयूआइ के प्रदेश समन्वयक अक्षय तोमर के नेतृत्व में बीबीए होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने प्रदर्शन किया। कालेज प्रशासन द्वारा रद हो चुके पाठ्यक्रम को लेकर पल्ला झाड़ने का आरोप लगाते हुए एनएसयूआइ ने कालेज गेट पर ताला जड़ दिया।कालेज प्रशासन एवं विद्यार्थियों के बीच चली लंबी वार्ता के बाद संबंधित कोर्स के रद हो जाने के बाद प्रवेशित विद्यार्थियों की फीस एवं अन्य दस्तावेज़ वापस करने की बात को लेकर सहमति बनी। विद्यार्थियों का कहना है कि बीबीए होटल मैनेजमेंट की मान्यता रद होने के बाद कालेज प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों पर बीबीए प्लेन या अन्य दूसरे कोर्स में दाखिला लेने के लिए अनावश्क रूप से दबाव बनाया जा रहा है। एनएसयूआइ महासचिव आदित्य सोनी ने बताया कि एनआरआइ कालेज द्वारा बीबीए एचएम की मान्यता जाने के बाद प्रवेशित विद्यार्थियों को फीस वापस नहीं करना चाहता है।

# घर के सामने खड़े युवक को नहीं हुआ गोली लगने का भान, डाक्टर से पट्टी बंधवाकर लौट आया

■ भोपाल, यशभारत।

शहर के छोला मंदिर थाना इलाके में एक युवक गोली लगने से घायल हो गया। हैरानी यह कि गोली लगने की बात उसे तब पता चली, जब अस्पताल में उसका एक्सरे कराया गया। पुलिस का अनुमान है कि हर्ष फायर के दौरान गोली किसी दीवार से टकराने के बाद युवक को लगी है।



पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। छोला मंदिर थाना पुलिस के मुताबिक चंदन नगर निवासी 27 वर्षीय हेमराज अहिरवार निजी काम करता है। 21 अप्रैल की रात करीब साढ़े आठ बजे वह घर के सामने 80 फीट रोड पर खड़ा था। इस दौरान अचानक उसे अपने बाएं कंधे में जलन महसूस हुई। साथ ही खून निकलने लगा। वह उपचार के लिए पास की क्लीनिक पर पहुंचा, तो डाक्टर को उसके कंधे पर छोटा-सा घाव नजर आया। डाक्टर ने पत्थर से चोट आने की संभावना जताते हुए पट्टी बांध दी।अगले दिन दर्द बढ़ने पर हेमराज उपचार के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचा। वहां डाक्टर ने हेमराज के कंधे में गोली लगने की आशंका जताई। इस पर वह बिना एक्सरे कराए पट्टी कराकर घर लौटने लगा। एक्सरे नहीं कराने पर डाक्टर को संदेह हुआ, तो उसने हेमराज से घटना के बारे में पुलिस को बताने को बोला। इसके बाद हेमराज अस्पताल में भर्ती हुआ। हेमराज का एक्सरे किया गया तो गोली लगने की पुष्टि हो गई। डाक्टर ने आपरेशन कर गोली निकाल ली है।

# राज्यपाल ने कटनी जिले को बेस्ट परफार्मिंग पुरस्कार से नवाजा

## उत्कृष्ट योगदान के लिये कलेक्टर को किया सम्मानित



**कटनी,यशभारत।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने भोपाल स्थित राजभवन में आयोजित गरिमामय समारोह में कलेक्टर अवि प्रसाद को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के टी.बी. मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में किये जा रहे उत्कृष्ट और सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। समारोह में प्रधानमंत्री टी.बी मुक्त भारत अभियान 2022-23 के लिए कटनी जिले को बेस्ट परफार्मिंग पुरस्कार से नवाजा गया। इसके साथ ही नि-क्षय मित्र मीनाक्षी क्षत्रिय को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मीनाक्षी को समारोह को संबोधित करने का भी गौरव प्राप्त हुआ। राज्यपाल श्री पटेल ने कटनी जिले में कलेक्टर के नेतृत्व में टी.बी. मुक्त कटनी के लिए किए जा रहे नवाचारों की सराहना की। उन्होंने लोगों से नि-क्षय मित्र बनकर टी.बी. के खिलाफजंग को मजबूती देने का आव्हान किया। राज्यपाल श्री पटेल ने कटनी में पिछले 6 माहों की अल्प अवधि में ही टी.बी. मुक्त अभियान से समाज को जोड़ने में मिली कामयाबी पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### नि-क्षय मित्र मीनाक्षी ने किया संबोधित

कटनी जिले में नि-क्षय मित्र की ब्रांड एम्बेसडर और जिला रेडक्रॉस समिति की आजीवन सदस्य 13 वर्षीय मीनाक्षी क्षत्रिय ने भी समारोह को संबोधित किया। मीनाक्षी देश की सबसे युवा नि-क्षय मित्र है। मीनाक्षी द्वारा कम उम्र में ही टी.बी. रोग के प्रति प्रदर्शित जागरूकता के प्रशंसकों में अब प्रदेश के राज्यपाल श्री पटेल भी शामिल हो गये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पहले ही मीनाक्षी की सराहना कर चुक हैं।

### 135 नि-क्षय मित्र बने

कलेक्टर द्वारा टी.बी. उन्मूलन अभियान से लोगों के जुड़ने की अपील के बाद कटनी जिले में अब तक 135 नि-क्षय मित्र बन चुके हैं। जो इस पुनीत अभियान में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। कलेक्टर की पहल पर समूचा जिला क्षय रोग के उन्मूलन की दिशा में कार्य करने के लिए जनभागीदारी की भावना से उत्साहित और संगठित हैं।

### हर माह 355 मरीजों को मिल रहा पोष्टिक आहार

शासन द्वारा टी.बी. पीड़ितों के दवा और इलाज की निरूशुल्क व्यवस्था है। लेकिन निरूशुल्क दवा के साथ पौष्टिक आहार मिलने से दवा ज्यादा कारगर और प्रभावी हो जाती है और मरीज जल्दी स्वस्थ होता है। वर्तमान में जिले में नि-क्षय मित्र पहल के तहत प्रतिमाह 355 टी.बी. मरीजों को पौष्टिक आहार मुहैया कराया जा रहा है। अभियान से समाज को जोड़ने से करीब 15 लाख रूपये की सहयोग राशि मिली।

### कलेक्टर ने कहा- यह कटनीवासियों का सम्मान है

कलेक्टर ने टी.बी. उन्मूलन हेतु जिले को मिली सराहना और प्रशस्ति पत्र का पूरा श्रेय कटनीवासियों को देते हुए कहा कि- सही मायनों में यह पूरे कटनी की जनता-जनार्दन का सम्मान है। श्री प्रसाद ने पीड़ित मानवता की सेवा के संकल्प के साथ टी.बी. मुक्त कटनी बनाने में जनप्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों, चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टॉफ और समाजसेवियों एवं उद्योगपतियों से मिल रहे योगदान की सराहना करते हुए भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा की है।



# जनसुनवाई में आए 129 आवेदनों पर अपर कलेक्टर ने की सुनवाई

## समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

**कटनी,यशभारत।** कार्यालय कलेक्ट्रेट के नवीन सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिला पंचायत के सी.ई.ओ. शिशिर गेमावत एवं अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने दूरदारज से आए लोगों की समस्याओं को सुना और उनके आवेदन लिए जाकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को उचित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 129 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में कटनी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, छपरवाह, कटनी निवासी विमल शुक्ला द्वारा जमीन के रिकार्ड सुधार एवं सीमांकन कराने संबंधी आवेदन पर सुनवाई करते हुए तहसीलदार कटनी की ओर उचित कार्यवाही कराने हेतु आवेदन प्रेषित किया गया। सीमांकन संबंधी एक अन्य कुलवीर सिंह वल्द तीरथ सिंह के आवेदन पर लोक सेवा केन्द्र में सीमांकन संबंधी आवेदन पर कार्यवाही नहीं किये जाने के संबध में सुनवाई करते हुए आवेदन तहसीलदार कटनी की ओर प्रेषित कर सीमांकन कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत कराने के निर्देश दिए गए। रमेश विश्वकर्मा निवासी इन्द्रा ज्योति कॉलोनी नेहरू वार्ड द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राप्त न होनें संबंधी आवेदन पर सुनवाई कर प्रकरण आयुक्त नगर निगम कटनी की ओर आवेदन प्रेषित कर निराकरण कराने के निदेश दिए गए। साधना वाधवानी द्वारा समग्र आई.डी. एवं राशन कार्ड में नाम जुडवानें संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया जाकर अवगत कराया गया कि रोजगार की तलाश में सतना में रहनें के कारण राशन कार्ड से नाम काट दिया गया है। वर्तमान में पुनः कटनी में निवास करने के कारण राशन कार्ड में नाम जुडवाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है संबधी समस्या की सनुवाई उपरांत आयुक्त नगर निगम की ओर आवेदन प्रेषित कर प्रकरण पर कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया गया। हरिशंकर अहिरवार निवासी राम मनोहर लोहिया वार्ड कटनी द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत मुख्यमंत्री अन्नपूर्ण योजना के अंतर्गत लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली हेतु खाद्यान पर्ची जारी करनें संबंधी आवेदन पर जिला खाद्य अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर प्रकरण के निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। आवेदक जयराम उपाध्याय द्वारा आबादी भूमि के खसरे पर स्थित कुआं को व्यक्ति विशेष के नाम दर्ज नहीं किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन पर सुनवाई उपरांत तहसीलदार विगढ़ को आवश्यक कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## प्रचार रथ से ग्रामीणों को मिल रही योजना की जानकारी



**कटनी,यशभारत।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की जानकारी से आमजन को अवगत कराने के हेतु प्रचार रथ जिले के विभिन्न ग्रामों में भ्रमण कर रहा है। मगंलवार को को प्रचार रथ के माध्यम से 169 गांवों मे पहुंचकर योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी देने के साथ-साथ एल.ई.डी टी.व्ही के माध्यम से शासन की उपलब्धियों को भी दिखा रहा है। गांव में इस प्रचार रथ के प्रति ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रचार रथ के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने के साथ -साथ मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के बैंक खातों को आधार से लिंक करनें और डी.बी.टी इनेबल्ड कराने की जानकारी भी दी जा रही है। महिला बाल विकास, जन अभियान परिषद द्वारा लोगों को इन प्रक्रियाओं की जानकारी मिल रही है।

## कुपोषित बच्चों की मदद हेतु लघु उद्योग भारती ने दिए 1 लाख 11 हजार की सहयोग राशि

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर को लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष हरि सिंह भदौरिया ने सोमवार को कुपोषित बच्चों के पौष्टिक पोषण आहार प्रदाय एवं उनके इलाज हेतु 1 लाख 11 हजार 111 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की। कलेक्टर ने लघु उद्योग भारती द्वारा नेक कार्य हेतु दिए सहयोग की प्रशंसा की है। इस राशि का उपयोग महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित अटल बाल मित्र योजना के तहत कटनी जिले के कुपोषित बच्चों के पौष्टिक पोषण आहार प्रदाय और उनके उपचार हेतु किया जाएगा। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ,महाप्रबंधक उद्योग एवं व्यापार अजय श्रीवास्तव और लघु उद्योग भारती के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रसव के प्रकरणों में लापरवाही बरतने पर तीन सीएचओ व दो एएनएम से मांगा स्पष्टीकरण



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा बीते सोमवार को प्रसव के रेफरल मामलों और स्वास्थ्य व्यवस्था की समीक्षा के उपरांत गर्भवती महिलाओं की ए.एन.सी के दौरान नियमानुसार जांचे नहीं किये जाने एवं 108 एम्बुलेंस वाहन द्वारा जिला चिकित्सालय रेफर करने वाली तीन सी.एच.ओ सहित दो ए.एन.एम पर गहन नाराजगी व्यक्त की गई है। ब्लॉक बहोरीबंद के उपस्वास्थ्य केन्द्र पोडी में पदस्थ सी.एच.ओ. नितिन साहू एवं ए.एन.एम नूतन नामदेव द्वारा पोडी की गर्भवती महिला की ए.एन.सी के दौरान मात्र दो ही जांच की गई थी। इसी तरह ब्लॉक विजयराघवगढ़ के उपस्वास्थ्य केन्द्र नन्हवारा में पदस्थ सी.एच.ओ प्रीति साहू एवं ए.एन.एम. सीमा भलावी व बड़वारा उपस्वास्थ्य केन्द्र जगुआं की सी.एच.ओ सीना मोजिस के द्वारा भी गर्भवती महिलाओं की ए.एन.सी के दौरान एक भी जांच नहीं किया जाना पाया गया। तथा 108 एम्बुलेंस वाहन द्वारा जिला चिकित्सालय रेफर किये जाने पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री मुड़िया को स्पष्टीकरण तलब करनें के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रदीप मुड़िया नें विजयराघवगढ़ सी.एच.ओ प्रीति साहू एवं ए.एन.एम सीमा भलावी, बड़वारा सी.एच.ओ. सीना मोजिस सहित बहोरीबंद सी.एच.ओ नितिन साहू एवं ए.एन.एम नूतन नामदेव को कारण बताओ नोटिस जारी कर 2 दिनों में जवाब प्रस्तुत करने की हिदायत दी गई है। जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर इनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिसके लिए ये स्वतरू जिम्मेदार होंगी। विदित हो कि कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने सहित प्रसव के रेफरल प्रकरणों की निरन्तर समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने स्वास्थ्य महकमें को दो टूक हिदायत दी है, कि प्रसव के रेफरल प्रकरणों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। गर्भवती महिला की ए.एन.सी के दौरान निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत सभी जांचें करने तथा इन सब मामलों में कोताही बरतने पर कड़ी कार्यवाही किये जानें के निर्देश दे रखे है।

## कलेक्टर की सतत मॉनिटरिंग और प्रोत्साहन ने बढ़ाया जिला प्रबंधन का हौसला

# जिला चिकित्सालय में पहली बार हुई रिकॉर्ड 38 मेजर आर्थो सर्जरी





**कटनी,यशभारत।** जिला अस्पताल में सुविधाओं को लेकर कलेक्टर द्वारा की जा रही सतत मॉनिटरिंग और समय समय पर चिकित्सकीय और नर्सिंग स्टाफ को प्रोत्साहित करने से उपचार सेवाओं को लेकर उत्साह जनक परिणाम सामने आ रहे हैं। प्रसव संबंधी सेवाओं के बाद अस्थि संबंधी शल्य क्रिया सेवा क्षेत्र वह क्षेत्र है जिसमें जिला चिकित्सालय में गत एक वर्ष विशेषकर अंतिम तीन माहों में सर्वाधिक सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। जिला चिकित्सालय में अस्थि रोग विभाग में हुए बदलाव और कलेक्टर द्वारा जिला अस्पताल में सुविधाओं के विस्तार के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयास और सतत मॉनिटरिंग का नतीजा है कि जिला चिकित्सालय ने अस्थि शल्य क्रिया के क्षेत्र में वर्ष 2022-23 में करीब 3 दर्जन बड़ी सर्जरी सहित कुल 120 से अधिक अस्थि शल्य क्रियाओं का संपादन किया। जबकि वर्ष 2021-22 में 103 अस्थि शल्य क्रिया चिकित्सकों द्वारा निजी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेज जबलपुर पर निर्भरता कम वर्ष 2022-23 में जिला चिकित्सालय की सबसे बड़ी उपलब्धि कई जटिल अस्थि शल्य क्रियाओं का जिला अस्पताल में संपादित होना रहा, जिसके लिए इसके पहले मरीजों को निजी अस्पतालों या मेडिकल कॉलेज जबलपुर का रुख करना पड़ता था। इस वर्ष कई ऐसी जटिल सर्जरी जिला अस्पताल में संभव हुई, जो अब तक कटनी जिले के किसी भी निकटतम जिलों के शासकीय अस्पतालों में नहीं हुए हैं। वर्ष 2022-23 में जिला चिकित्सालय में ऐसी कुल 38 जटिल आर्थो सर्जरी संपादित हुई। जिनमें प्रॉक्सीमल फीमर नेलिंग, पार्शियल हिप रिप्लेसमेंट, फीमर टिबियल प्लेट लॉकिंग, टिबियल इंटरलॉकिंग, ह्यूमेटस प्लेट्स, कंधों और घुटनों के पास कॉम्प्लेक्स सर्जरी और मॉड्यूलर बाइपोलर शामिल हैं। जिसके लिए कलेक्टर द्वारा सीएमएचओ डॉ प्रदीप मुड़िया, सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ अतुल द्विवेदी सहित सपोर्टिंग चिकित्सकीय स्टाफव नर्सिंग स्टाफ को बधाई देते हुए उनके समर्पण पूर्ण कार्य की सराहना की है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021-22 में अस्थि रोग से संबंधित 22 मेजर और 81 माइनर सर्जरी संपादित हुई थी। जबकि वर्ष 2022-23 में 38 मेजर और करीब 80 माइनर आर्थो सर्जरी हुई। वर्ष 21- 22 की तुलना में वर्ष 22- 23 में करीब 170 फीसदी अधिक मेजर सर्जरी संपादित की गई। इसके अलावा वर्ष 2022-23 में 246 सामान्य सर्जरी संपादित हुई।

# उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य व जिले के विकास हेतु संघर्ष का आव्हान

## जिला जन अधिकार मंच की बैठक



**कटनी,यशभारत।** जिला जन अधिकार मंच कटनी की विचार विमर्श बैठक हॉस्पिटल बरगवां में संपन्न हुई जिला जन अधिकार मंच के संरक्षक प्रेम बत्रा, एडवोकेट विष्णु बाजपेई, राजय रजक राजू बिंदेश्वरी पटेल, मनोज निगम, प्रभात त्रिपाठी, आशुतोष शुक्ला, सचिन शर्मा, एडवोकेट अमित शुक्ला, प्रभात पांडेय, हितेंद्र स्वर्णकार, साहित्यकार राजेंद्र सिंह, झम्मटमल ठारवानी, सुनील मिश्रा आप, आफताब अहमद चोखे भाई जान, अंकुश सिंह, निर्मल गौतम, अंशुल रजक, पत्रकार सत्यदेव चतुर्वेदी बब्बा, विष्णु बलेचा, अनिरुद्ध बजाज, राजेंद्र खरे, श्रीमती अंजुला बजाज सरावगी, राजेश नायक सौरभ, रौनक खंडेलवाल, अखिलेश पुरवार, पृथ्वीराज जाट, सुरेश त्यागी, हेतराम बर्मन, राकेश जैन कक्का, एडवोकेट अजय निगम, चंदन कुशवाहा, एडवोकेट मनोज जैन बाझल, अनिल कमल तिवारी, नितेश सोनू, मनवानी आकाश मघवानी, नीरज सिंह बघेल विजयराघवगढ़, डॉक्टर राजकुमार नागवानी, राजा जगवानी, बीएम तिवारी, अर्जित खरे, राजू खनूजा, महेश रोचलानी, संजीव सेठी मम्मू, श्रीमती रजनी वर्मा, श्रीमती सुमन रजक, सुरेश छावड़ा, अमर चोइथवानी, जय मोजिस, आदि ने कटनी जिले के विकास हेतु हर संघर्ष में सहयोग का वादा किया। सभी ने विचार व्यक्त किए सभी के विचार विमर्श उपरांत यह निष्कर्ष निकला कि हमें शीघ्र ही न्यायालय एवं विधानसभा में पिटीशन दायर कर अपने आंदोलन को और तेज करते हुए संघर्ष करना होगा तभी सत्ता में बैठे लोग कटनी की मूलभूत आवश्यकता शिक्षा स्वास्थ्य एवं कटनी के विकास में शासकीय मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज की महत्वता को समझते हुए जिले को विकास की राह में लाने हेतु बाध्य होंगे सभी ने एकमतेन आवाज दी की हर संघर्ष में हम साथ हैं और जिले के विकास हेतु हम क्रांति के शंखनाद में भी साथ रहेंगे। मंच का संचालन ट्रेड यूनियन लीडर मनोज निगम ने किया एवं आभार प्रदर्शन एडवोकेट विष्णु बाजपेई ने किया।

## आयुध निर्माणी में मना पृथ्वी दिवस



**कटनी,यशभारत।** दिनांक 22 अप्रैल को केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी कटनी में भारत स्काउट्स गाइड्स एवं विज्ञान संकाय के तत्वावधान में पृथ्वी दिवस कार्यक्रम बच्चों द्वारा मना गया। प्राचार्य ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।बच्चों ने वृक्षारोपण रैली, प्रश्नोत्तरी, सुंदर-सुंदर बैनर और पोस्टर के माध्यम से पृथ्वी को सुरक्षित रखने के लिए अपने विचार व्यक्त किए। आर्यन मिश्रा सानिया अनम हैंसी बलानी ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय कुमार सोनी, डॉ. चित्रा चतुर्वेदी, पीके वर्मा, चट्टान सिंह यादव, श्रीमती भारती श्रीवास्तव, श्रीमती सविता बर्मन, ऋषिकेश सिंह ने महत्व पूर्ण भूमिका निभाई।

# राजस्थानी मारवाड़ी समाज के चुनाव 4 जून को

### राजस्थान नवयुवक मंडल के भी होंगे चुनाव



**कटनी,यशभारत।** कटनी के राजस्थानी मारवाड़ी समाज के चुनाव हेतु आज श्री राजस्थानी मारवाड़ी चुनाव संचालन समिति की बैठक आज संपन्न हुई बैठक में आगामी 4 जून को चुनाव करने का निर्णय हुआ संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की घोषणा आगामी दिनों में चुनाव अधिकारीयों द्वारा घोषित की जावेगी इसके पूर्व 1 मई को समाज के सदस्य जो मतदाता होंगे उनकी सूची का अंतिम प्रकाशन किया जावेगा, विगत दिनों संपन्न जनगणना के पश्चात परिवार के जो मुखिया के नाम आये हैं वे ही मतदाता कहलाएँगे तथा संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया में ये ही शामिल हो सकेंगे चुनाव की विस्तृत जानकारी और प्रक्रिया शीघ्र घोषित की जावेगी आज की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की राजस्थान नवयुवक मंडल के चुनाव भी शीघ्र कराये जावें इस हेतु समाज के 18 से 40 वर्ष तक के युवक-युवतियां सदस्य बनेंगे, सदस्यता अभियान आज से प्रारंभ कर दिया गया है संचालन समिति ने सभी सामाजिक बंधुओं से अनुरोध किया है की वे अपने परिवार के युवक युवतियों को नवयुवक मंडल का सदस्य बनने हेतु प्रेरित करें।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW

Mittal MALL

Paytm

book my show

From 28st April 2023

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 28 April to 04 May, 2023

| Audi-01 | Show | Rate |
|---|---|---|
| Bad Boy 2D Hindi | 11.00.00 AM | 120-120-120-300 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 1.15.00 PM | 140-170-220-350 |
| Ponniyin Selvan-Part 2 | 4.15.00 PM | 140-170-220-350 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 7.15.00 PM | 140-170-220-350 |
| Ponniyin Selvan-Part 2 | 10.00.00 PM | 140-170-220-350 |
| **Audi-02** | **Show** | |
| Ponniyin Selvan-Part 2 | 1.00.00 PM | 140-170-220-350 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 4.00.00 PM | 140-170-220-350 |
| Ponniyin Selvan-Part 2 | 7.00.00 PM | 140-170-220-350 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 10.00.00 PM | 140-170-220-350 |
| **Audi-03** | **Show** | |
| Ponniyin Selvan-Part 2 | 10.30.00 AM | 120-120-120 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 1.30.00 PM | 120-140-140 |
| Bad Boy 2D Hindi | 4.30.00 PM | 120-140-140 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 6.45.00 PM | 120-140-140 |
| Bad Boy 2D Hindi | 9.45.00 PM | 120-140-140 |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# अगर सनराइजर्स हैदराबाद को उमरान मलिक पर भरोसा नहीं तो एक बल्लेबाज ज्यादा रखें : वसीम जाफर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व बल्लेबाज वसीम जाफर ने सनराइजर्स हैदराबाद द्वारा उमरान मलिक के इस्तेमाल पर सवाल उठाया है. उन्होंने कहा कि अगर टीम थिंक टैंक को मलिक की गेंदबाजी क्षमता पर पूरा भरोसा नहीं है, तो टीम में एक बल्लेबाज को शामिल करना बेहतर होगा. मलिक ने सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में केवल दो ओवर फेंके. उन्होंने बिना विकेट लिए 14 रन दिए. तेज गेंदबाज ने अब तक छह मैचों में पांच विकेट चटकाए हैं और अधिकांश मैचों में अपने चार ओवरों का पूरा कोटा नहीं डाला है. दिल्ली कैपिटल्स एक समय 62/5 पर संघर्ष कर रही थी. फिर, अक्षर पटेल और (34) और मनीष पांडे (34) की मदद से डीसी 20 ओवर में 144/9 पर पहुंची।



उमरान मलिक एसआरएच से खेल रहे हैं, लेकिन उन्होंने दिल्ली के खिलाफ मैच में केवल दो ओवर फेंके. उनके बजाय, वे एक बल्लेबाज को मौका दे सकते थे. यदि आप एक गेंदबाज के रूप में उन पर भरोसा नहीं करते हैं, तो एक बल्लेबाज को टीम में लाना बेहतर होगा. जाफर ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, एक समय दिल्ली का स्कोर 62/5 था, लेकिन हैदराबाद ने उन्हें 144 तक पहुंचने दिया. अगर उन्होंने बेहतर गेंदबाजी की होती, तो चीजें उनके लिए आसान हो सकती थीं. दिल्ली को 144 रन बनाने देना सनराइजर्स की गलती थी. डीसी की ओर से अक्षर, कुलदीप यादव, एनरिक नार्जे और इशांत शर्मा ने शानदार गेंदबाजी की और सनराइजर्स को लगातार तीसरी हार के लिए 137/6 पर रोक दिया. जाफर ने सनराइजर्स की बल्लेबाजी लाइनअप में बदलाव का सुझाव दिया है, ये कहते हुए कि अभिषेक शर्मा को पारी की शुरूआत करनी चाहिए और हैरी ब्रूक को मिडिल ऑर्डर में आना चाहिए. उन्होने कहा, उनके बल्लेबाजी क्रम को देखते हुए, मुझे लगता है कि अभिषेक शर्मा एक सलामी बल्लेबाज के रूप में बेहतर विकल्प हैं. एसआरआच के लिए उनके अधिकांश रन सलामी बल्लेबाज के रूप में आए हैं. वो मध्य क्रम में बल्लेबाजी कर रहे हैं. हैरी ब्रूक चौथे नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं. इससे उनके निचले क्रम की बल्लेबाजी मजबूत होगी।

# केविन पीटरसन का दावा- ऋषभ पंत का रिप्लेसमेंट भारत के पास तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को इस साल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के बाद वनडे फॉर्मेट में एशिया कप और वनडे वर्ल्ड कप जैसे दो बड़े टूर्नामेंट खेलने हैं. विकेटकीपिंग विभाग उसके पास ऋषभ पंत के न होने से चिंता है. चयनकर्ताओं ने टेस्ट चैंपियनशिप के लिए मंगलवार को टीम का ऐलान कर दिया और इस बड़े मुकाबले में टीम इंडिया केएस भरत या फिर केएल राहुल में से किसी एक को विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी सौंपेगी. लेकिन इसके बाद भारत का फोकस वनडे फॉर्मेट पर होगा और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और पूर्व धाकड़ बल्लेबाज केविन पीटरसन का मानना है टीम इंडिया के पास पंत का रिप्लेसमेंट तैयार है. उन्होंने पंत की जगह लेने के लिए पंजाब किंग्स के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा को हकदार बताया है. पीटरसन ने बेटवे के लिए लिखे अपने ताजा लेख में जितेश शर्मा की जमकर तारीफ की और उन्हें ऋषभ पंत का रिप्लेसमेंट करार दिया. उन्होंने लिखा कि पंजाब किंग्स का युवा विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा विशेष टेलेंट हैं और अगर पंत लंबे समय तक बाहर रहने वाले हैं तो भारत उन्हें चांस देने के बारे में सोच सकता है. 42 वर्षीय पीटरसन ने अपने लेख में लिखा, 'भारत के पास ऋषभ पंत का रिप्लेसमेंट तैयार है. जितेश शर्मा, पंजाब किंग्स के विकेटकीपर बल्लेबाज भी कुछ खास हैं. मुझे लगता है अगर पंत लंबे समय तक बाहर रहने वाले हैं तो जितेश वह खिलाड़ी हैं, जो टीम इंडिया में पंत की



जगह ले सकते हैं. मुंबई इंडियन्स के खिलाफ शनिवार को खेली सिर्फ 7 बॉल में उनके 25 रन की उनकी पारी मैच विनिंग पारी थी, जिसमें 4 छक्के शामिल थे.' बता दें जितेश शर्मा की मैच विनिंग पारी की तारीफ पिछले साल 2022 आईपीएल से हो रही है, जब पहली बार उन्हें पंजाब किंग्स के लिए खेलने का मौका मिला था. तब जितेश ने पिछले सीजन बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज आईपीएल में 163.34 के स्ट्राइक रेट से 234 रन बनाए थे. अपने इस लेख में पीटरसन ने इस युवा बल्लेबाज के अलावा अनुभवी बल्लेबाज फाफ डु प्लेसिस, डेविड वॉर्नर और अजिंक्य रहाणे के खेल की भी जमकर तारीफ की. उन्होंने लिखा अनभवी खिलाड़ियों के बारे में हमेशा बहुत बातें होती हैं. लेकिन वे भी अब नई-नई चाल सीख रहे हैं।

# ओएफके में स्व. आर एस त्रिपाठी क्रिकेट स्पर्धा : जीएम इलेवन कर शानदार जीत

**जबलपुर यशभारत।** गत दिवस दूधिया रोशनी में स्व. आर एस त्रिपाठी डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ खमरिया के वेस्ट लैंड ग्राउंड में हुआ।पहले दिन जी एम इलेवन वर्सेस यूनियन एसोसिएशन के बीच मैच हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक कुमार महाप्रबंधक अध्यक्षता अरुण दुबे वरिष्ठ उपाध्यक्ष आई एन डी डब्ल्यू एफ ने की। विशेष अतिथि के रूप में यूनियन/एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ सुरक्षा संस्थानों के इंटक के नेता गणउपस्थित थे। मंच संचालन हृदेश यादव ने किया। स्वागत आईएनडीडबल्यूएफ के संगठन मंत्री आनंद शर्मा ने किया । जीएम इलेवन की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का ऑफ़र यूनियन की टीम को दिया। यूनियन एसोसिएशन की टीम ने 104 रन बनाएं वही जीएम इलेवन ने भी 104 रन बनाकर मैच को रोमांचक स्थिति में ला दिया। टाई होने पर निर्णय सुपर ओवर तक पहुंच गया जहां अंततः जीएम इलेवन ने जीत हासिल की। जीएम इलेवन की ओर से कमांडर चांदा ने शानदार 47 रनों की पारी खेली वहीं यूनियन की टीम की ओर से भूपेंद्र गोटिया 33 रन की पारी खेली मैन ऑफ द मैच राजेन्द्र कुमार को मिला। इस दौरान यूनियन के अमित चौबे राकेश रंजन ,अखिलेश पटेल, अनुपम भौमिक, अनिल गुप्ता, मुकेश विनोदिया, संतोष सिंह, राकेश जैसवाल, रोहित सेठ, मो नसीम, मुकेश कुमार, महेंद्र रजक, धर्मेंद्र रजक आदि उपस्थित थे।





## हम अर्जुन तेंदुलकर की रफ्तार बढ़ाने पर काम करेंगे: शेन बॉन्ड

**अहमदाबाद, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने कहा है कि वह अर्जुन तेंदुलकर की गेंदों की गति बढ़ाने पर काम करेंगे जो अभी लगभग 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। पंजाब किंग्स के खिलाफ अर्जुन तेंदुलकर ने 48 रन लुटाए थे जिसमें उनके एक ओवर में 31 रन बने थे। गुजरात टाइटंस के खिलाफ हालांकि उन्होंने अच्छी वापसी की तथा दो ओवर में नौ रन देकर एक विकेट लिया।

# नसीम शाह ने आखिर उर्वशी रौतेला पर तोड़ी चुप्पी

## पाकिस्तान के स्पीड स्टार ने कहा, मैं सभी लोगों से प्यार करता हूं..

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह को एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने बीती 15 फरवरी को अलग अंदाज में बर्थडे विश किया था. इसके जवाब में नसीम ने उन्हें थैंक्यू लिखते हुए हाथ जोड़ने वाला इमोजी बनाई. इसके बाद पाकिस्तान के स्पीड गन और भारतीय मॉडल को लेकर चर्चाओं का बाजार पूरी तरह गरमा गया. अब नसीम शाह ने खुलासा किया है कि उर्वशी रौतेला के इंस्टाग्राम पर किए गए कमेंट का जवाब उन्होंने नहीं, बल्कि किसी और ने दिया था.एशिया कप 2022 में भारत-पाकिस्तान मैच के बाद एक वीडियो खूब छाया रहा, जिसमें नसीम शाह और उर्वशी रौतेला मुस्कुराते हुए दिख रहे थे. तभी से दोनों को लेकर बातें बननी शुरू हो गई. हाल ही में एक इंटरव्यू में उर्वशी के सवाल पर नसीम शाह ने मजाकिया अंदाज में कहा कि अगर मैं मैसेज दूंगा तो आप लोग वायरल कर देंगे. इसके बाद उन्होंने कहा, अगर तैयार है दुल्हन तो मैं शादी कर लूंगा. इस वीडियो के सामने आने के बाद अफवाहों को मानों पर से लग गए. आखिरकार नसीम शाह को उर्वशी रौतेला को लेकर स्थिति साफ करनी पड़ी.'सिर्फ एक चीज पर है फोकस'नसीम शाह से जब एक टॉक शो में पूछा गया कि भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड को लेकर उनकी क्या योजना है तो स्पीड गन ने कहा, मेरा फोकस सिर्फ क्रिकेट पर है. इसके



अलावा और कोई प्लान नहीं है. एक और सवाल दागा गया कि क्या उर्वशी रौतेला को देखने की कोई योजना है, इस पर नसीम शाह ने कहा कि ऐसी कोई बात नहीं है7 नसीम शाह ने उर्वशी रौतेला के बधाई संदेश की बाबत कहा कि वह अपना इंस्टाग्राम अकाउंट ज्यादा नहीं देखते हैं. उन्होंने अपने मैनेजर से कहा था कि अगर जन्मदिन की मुबारकबाद मिले तो वह उसका जवाब दे दें. नसीम ने मुस्कुराते हुए कहा, मुझे अंदाजा नहीं था कि मैनेजर किसी को भी थैंक्यू लिखेंगे. नसीम शाह से जब पूछा गया कि वह उर्वशी रौतेला को पसंद करते हैं या नहीं तो उन्होंने कहा, मैं सभी लोगों से प्यार करता हूं. हर कोई इंसान है. हर कोई अच्छा है और मैं सभी इंसानों को पसंद करता हूं, लेकिन मैं पर्सनली कुछ भी नहीं लेता हूं. बता दें कि उर्वशी रौतेला अपनी निजी जिंदगी को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं. उनका नाम टीम इंडिया के विकेटकीपर बैटर ऋषभ पंत के साथ भी जुड़ चुका है।

## रंग संसार

# डिंपल कपाड़िया ने कहा जानती थी राजेश खन्ना संग शादी नहीं चलेगी, हमार रिश्ता मजाक था

**मुंबई, एजेसी।** बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार कहे जाने वाले राजेश खन्ना फिल्मों के साथ- साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में रहते थे. राजेश खन्ना ने मार्च 1973 में एक्ट्रेस डिंपल कपाडिया से शादी की थी, जो कि काफी चर्चा में रही थी. राजेश खन्ना ने लंबे समय तक एक्ट्रेस अंजू महेंद्रू को डेट किया था और सात साल तक दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में भी रहे लेकिन उनकी शादी नहीं हो सकी और उन्होंने महज 16 साल की डिंपल संग रिश्ता जोड़कर उन्हें अपनी पत्नी बना लिया. हालांकि डिंपन ने अपने एक इंटरव्यू में बताया कि कैसे उन्हें पता था कि उनकी शादी नहीं चलने वाली है. 16 साल की डिंपल ने 32 साल के राजेश खन्ना से शादी की और फिल्मों से दूर हो गई.

### हम बातें बेहद कम करते थे

डिंपल ने 1984 में शादी के फिर से कमबैक किया था फिल्म सागर से और इसी दौरान उन्होंने अपनी शादी और राजेश खन्ना संग रिश्ते पर खुलकर बातें की थी. डिंपल ने कमबैक के बाद इंटरव्यू देते हुए डिंपल ने बताया कि आखिर कैसे उन्हें घर





के अंदर पैर रखते ही ये एहसास हुआ था कि राजेश खन्ना से शादी का फैसला कितनी बड़ी भूल थी. डिंपल ने इंडिया टुडे को दिए अपने इंटरव्यू में कहा था, 'मैंने उन्हें अच्छी तरह से तब जाना जब शादी को केवल 7 दिन बचे थे. हम चार्टर्ड फ्लाइट से अहमदाबाद किसी शो के लिए जा रहे थे, वो पूरे सफर में मेरे सामने ही बैठे थे लेकिन उन्होंने मुझसे एक शब्द भी बातचीत नहीं की जैसे ही फ्लाइट लैंड करने वाली था, वो मेरी तरफ मुड़े, मेरी आंखों में देखा और कहा कि वो मुझसे शादी करना चाहते हैं.'

### घर में घुसते ही पता चला कि शादी नहीं चलेगी

डिंपल ने आगे कहा कि लेकिन चीजें बहुत जल्दी पलट गई. डिंपल ने कहा था, 'जिस दिन मैंने और राजेश ने शादी की उसी दिन से हमारे घर की खुशियां और जिंदगी जैसे खत्म होने लगीं.' डिंपल ने आगे कहा 'मैं अपने करियर में फिल्म बॉबी की अहमियत को समझ ही नहीं पाई क्योंकि तब मैं काफी छोटी थी. लेकिन जिस दिन मैंने राजेश के घर (आशीर्वाद) के अंदर कदम रखा. कहीं न कहीं मुझे ये पता लग गया था कि ये शादी चलने नहीं वाली.' डिंपल ने ये भी कहा था कि शादी के बाद राजेश की लाइफ में जो महिलाएं आई उन्हें लेकर उनको कोई परेशानी नहीं थी, लेकिन चिंता इस बात की थी कि उनका रिलेशनशिप मजाक था।




# जब जीनत अमान देश छोड़ने वाली थीं, लेकिन देव आनंद ने रातों रात बना दिया स्टार- ऐसा है किस्सा

**मुंबई, एजेसी।** बॉलीवुड की वेटरन एक्ट्रेस ज़ीनत अमान ने हाल ही में सोशल मीडिया ज्वाइन किया है और वो आए दिन अपने सोशल मीडिया पर किसी ना किसी तरह की नई खबर देती रहती हैं. 70-80 के दशक की बोल्ड और खूबसूरत अभिनेत्रियों में गिनी जाने वाली दिग्गज अभिनेत्री जीनत अमान इन दिनों लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं. इंस्टाग्राम पर आए दिन अपनी ग्लैमरस तस्वीरें डालना है. एक्ट्रेस ने देव आनंद संग अपनी फोटो शेयर की है और उनके साथ का जुड़ा अपना अनुभव भी शेयर किया है. चलिए जानते हैं तस्वीरों के जरिए आखिर उन्होंने एक्टर के बारे में क्या बोला?

### मेरे स्टारमेकर देव साब थे– जीनत अमान

जीनत अमान ने अपने इस्ट्राग्राम पर हाल ही में एक्टर देव आनंद के साथ एक फोटो शेयर करते हुए एक मैसेज लिखा, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे देव आनंद ने उन्हें हरे रामा हरे कृष्णा में कॉस्ट किया था. जीनत ने नोट में लिखा 'हरे राम हरे कृष्णा के दौरान उन्हें कास्ट किया गया था, लेकिन उस समय उनका परिवार इंडिया छोड़ना चाहता था. एक्ट्रेस ने आइकॉनिक एक्टर को को 'स्टारमेकर' कहते हुए लिखा 'बॉलीवुड जैसी इंडस्ट्री में



एंट्री करते समय हर एक्टर एक स्टारमेकर की उम्मीद करता है. कुछ ही हैं जो पोटेंशियल और महत्वाकांक्षा की चमक देखते है जो शायद अब तक केवल खुद को ही दिखाई दे रही थी. बहुत कम लकी हैं जो इस इंसान को पा सके, लेकिन मैं थी. मेरे स्टारमेकर देव साब थे.'

### मेरे पाइप में तम्बाकू पैक किया– जीनत

जीनत ने अपने नोट में आगे लिखा है, 'यह 1970 था और मुझे लगता है कि ओ पी रल्हन को मेरे लिए थोड़ी सॉरी फील हो रही थी. उन्होंने मुझे हलचल में थोड़ा सा हिस्सा दिया था, इसका थोड़ा प्रभाव पड़ा था और मैं पहले से ही अपनी मां और सौतेले पिता के साथ माल्टा जाने के लिए अपना बैग पैक कर रही थी. देव साब और उनकी नवकेतन टीम उस समय हरे रामा हरे कृष्ण के लिए कास्टिंग कर रहे थे. ओ.पी. रल्हन ने सुझाव दिया कि वे मुझसे मिलें. मुझे अच्छी तरह से याद है कि मैंने उस दिन क्या पहना था. एक फिट येलो टॉप, एक लाइट कलर की स्कर्ट और येलो फ्रेम के साथ चश्मा. मेरी मां मीटिंग में थी (याद रखें, मैं अभी भी अपनी टीन एज में थी), इसलिए जब मैं बात कर रही थी तो वह आगे बढ़ी और मेरे पाइप में तम्बाकू पैक किया. मीटिंग खत्म हुई और कुछ दिनों बाद लैंडलाइन बज गया, मुझे स्क्रीन टेस्ट के लिए आने के लिए कहा गया और इस तरह मुझे जसबीर / जेनिस के रूप में कास्ट किया गया.'

### मेरा परिवार देश छोड़ने के लिए तैयार था जीनत

जीनत ने आगे लिखा, ओह, लेकिन गाथा यहीं खत्म नहीं होती है. मेरा परिवार देश छोड़ने के लिए तैयार था, लेकिन देव साहब ने मेरी मां और मुझे अपने ट्रैवल में देरी करने के लिए मना लिया. इसलिए इसके बजाय हम काठमांडू के लिए रवाना हुए. फेमस सॉल्टी होटल में रुके और इंतजार किया. शूट करने के लिए सेट करने के लिए बुलाए जाने वाले लंबे दिन ! जब मेरे सीन्स के लिए समय आया तब पहला बस सीक्वेंस था।



# अरमान मलिक तीसरी बार बने पिता, पहली पत्नी पायल ने जुड़वा बच्चों को दिया जन्म

**मुंबई, एजेसी।** जाने-माने यूट्यूबर अरमान मलिक अपनी दोनों पत्नियों पायल मलिक और कृतिका मलिक की प्रेग्नेंसी की एक साथ घोषणा की थी. जहां कृतिका मलिक ने 6 अप्रैल 2023 को अपने पहले बच्चे के रूप में बेटे जैद को जन्म दिया था. वहीं अब यूट्यूबर की पहली पत्नी पायल मलिक भी दूसरी बार मां बन चुकी हैं. अरमान मलिक ने इस गुडन्यूज को फैंस के सा थ शेयर किया है. अरमान मलिक ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हॉस्पिटल से एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें उनका पूरा परिवार नजर आ रहा है. पायल बेड पर लेटी हैं. कृतिका, अरमान और पायल का बड़ा बेटा चिरायु पोज दे रहे हैं. तस्वीर को शेयर करते हुए अरमान ने गुडन्यूज देते हुए लिखा, आखिरकार पायल मां बन गई, गेस करिये? हालांकि उन्होंने अभी तक नहीं बताया कि पायल को लड़का हुआ या लड़की. सके साथ ही उन्होंने फैंस से कहा है कि वे अनुमान लगाए कि उन्हें बेटे हुए हैं या बेटियां.

### पायल दूसरी बार बनी मां

अरमान के साथ-साथ पायल मलिक ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ तस्वीरों की एक सीरीज शेयर कर फैंस के साथ बच्चों के जन्म की खबर साझा की. तस्वीरें पायल के मैटरनिटी फोटोशूट की हैं, जिनमें वह पिंक कलर के फ्लोई गाउन में बेहद प्यारी लग रही हैं. इन तस्वीरों के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा है, आखिर वो घड़ी आ ही गई.. मां बनने पर बहुत गर्व महसूस हो रहा है.' इसके साथ ही उन्होंने फैंस से उनके बच्चों (बेटा या बेटी) के बारे में अनुमान लगाने के लिए भी कहा. अग आप तस्वीरों को साफ से देखें तो पता लगता है कि कपल को एक बेटा और एक बेटी का आशीर्वाद मिला है. हालांकि ये तो आने वाले दिनों में ही पता चलेगा कि आखिर इस कपल को क्या हुआ है.

### इस दिन होनी थी डिलीवरी

इससे पहले पायल ने बताया था कि उनकी डिलीवरी 1 मई को होनी है, जिसे वह बढ़ाकर 5 मई को करेंगी, क्योंकि उस दिन उनके बड़े बेटे चिरायु का भी बर्थडे है. हालांकि, ऐसा नहीं हुआ. नौवें महीने लगते ही पायल की डिलीवरी हो गई है. अब फैंस को दोनों बच्चों को देखने का बेसब्री से इंतजार है।

# तिलक समारोह से लौट रहे बाइक सवारों को कार ने रौंदा

### हालत गंभीर, जबलपुर रिफर

**कटनी/उमरियापान, यशभारत।** उमरियापान से चंद कदम दूर महनेर गांव में बाइक और कार में एक्सीडेंट होने से उमरियापान निवासी दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें तत्काल जबलपुर रिफर कर दिया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उमरियापान से 3 किमी दूर महनेर गांव में दहिया परिवार में बुधवार को तिलक कार्यक्रम के साथ प्रीतिभोज का कार्यक्रम था। कार्यक्रम में



शामिल होने उमरियापान निवासी कपड़ा दुकान के संचालक पप्पू असाटी और गोलू माली भी गए थे। बारिश में फंसे होने के कारण 12 बजे के बीच वापस घर लौटते समय में उमरियापान की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक एम.पी.19सीबी-6855 ने मोटर सायकल सीडी डीलक्स क्रमांक एम.पी.20ए-9720 को सामने से जोरदार टक्कर मारकर चालक कार छोड़कर फरार हो गया। दुर्घटना की जानकारी जैसे ही उमरियापान में परिजनों को लगी तत्काल घटना स्थल पहुंचे और 45 वर्षीय पप्पू असाटी व 32 वर्षीय गोलू सैनी दोनों को लेकर उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य के पहुंचे। जहां ड्यूटी डॉक्टरों ने पप्पू असाटी के पैर फैक्चर और चहरे पर चोट लगने एंव गोलू सैनी के सिर में गंभीर चोट आने के कारण गंभीर हालत को देखते हुए तत्काल जबलपुर रिफर कर दिया। जबलपुर के प्राइवेट मेट्रो अस्पताल में दोनों युवकों का इलाज चल रहा है। बताया जाता है की गोलू सैनी के सिर में गंभीर चोट आने के कारण अभी तक होश नहीं आया है। पुलिस कार को जप्त करते हुए मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

# मिलर्स को नहीं मिल रही राहत

## सीएम व सासंद के बीच चर्चा सिर्फ चर्चा तक ही सीमित, नागरिक आपूर्ति निगम ने नहीं बदला रीवा धान भेजे जाने का निर्णय

**कटनी, यशभारत।** कटनी जिले के धान मिलर्स को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा के बीच हुई चर्चा भी राहत नहीं दिला पाई है। नागरिक आपूर्ति निगम अपने उस निर्णय पर अडिग है, जिसमें कटनी की धान मीलिंग के लिए रीवा भेजने का निर्णय लिया गया था। इस निर्णय के बाद रीवा के एक दो मिलर्स भी कटनी पहुंचे और नागरिक आपूर्ति निगम से मीलिंग संबंधी करार किया है। वहीं आज नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा रीवा धान भेजने संबंधी पूर्व में लिए गए निर्णय के तहत रीवा के मिलर्स की एक दर्जन से अधिक गाड़िया मझगवां के मारूति वेयर हाऊस धान लेने पहुंच गई हैं। कुल मिलाकर कटनी की धान रीवा न भेजने संबंधी चर्चा केवल बातचीत ही सीमित रह गई है तथा नागरिक आपूर्ति निगम ने अब तक लिखापढ़ी में अपना निर्णय नहीं बदला है। जिसके कारण कटनी के मिलर्स में खासा आक्रोश है। गौरतलब है कि इस बार कटनी की धान की मीलिंग रीवा में कराए जाने का निर्णय लगभग एक पखवाड़े पूर्व नागरिक आपूर्ति निगम ने लिया था। इस निर्णय से सांसद को अवगत कराते हुए कटनी के मिलर्स ने कटनी की धान की मीलिंग कटनी में ही कराने की मांग की थी। भाजपा जिलाध्यक्ष ने भी कटनी के मिलर्स की समस्या को लेकर प्रदेशाध्यक्ष को अवगत कराया। इस पर मुख्यमंत्री ने कटनी के धान मिलर्स को बड़ी राहत प्रदान करते हुए प्रस्तावित रीवा की जगह कटनी में ही मिलिंग करने का आदेश संबंधित विभाग को जारी किया था। इसके बावजूद आज तक नागरिक आपूर्ति निगम ने अपना निर्णय नहीं बदला और रीवा धान भेजेने संबंधी पूर्व में जारी आदेश आज भी यशावत है।



### प्रदेश अध्यक्ष ने सीएम को लिखा था पत्र

कटनी के मिलर्स से जैसे ही यह बात सांसद को पता लगी तुरन्त उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि मेरे लोकसभा क्षेत्र खजुराहो के कटनी जिले की खरीद विपणन वर्ष 2022-23 में उपार्जित धान की रीवा जिले में मिलिंग कराये जाने हेतु प्रस्ताव अनुमोदित किया गया है जबकि कटनी जिले में ही पर्याप्त मिलर है तथा इसके पूर्व कटनी जिले की उपार्जित धान का मिलिंग कार्य कटनी जिले के मिलरों द्वारा ही किया जाता रहा है। सांसद ने पत्र में सीएम को यह जानकारी दी थी कि कटनी जिले की 88765 क्विंटल धान अंर्तजिला मिलिंग के अनुमोदित प्रस्ताव अनुसार रीवा जिले को मिलिंग का कार्य दिया गया है। जिससे कटनी जिले के मिलरों को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा तथा क्षेत्र में असंतोष भी व्याप्त होगा। इसके अलावा सांसद ने नियमों का उल्लेख करते हुए पत्र में बताया कि अंर्तजिला मिलर द्वारा न्यूनतम दूरी के सिद्धांत एवं निर्धारित मिलिंग के मापदंड अनुसार मिलिंग का कार्य कराया जाये, अर्थात् कम दूरी कम व्यय को प्राथमिकता दी जाये। जबकि इस नियम के विपरित भी कटनी जिले की उपार्जित धान रीवा जिले में मिलिंग हेतु भेजी जा रही हैं जो न्याय संगत नहीं है।

### अब तक नहीं आया निर्णय निरस्ती का पत्र

ऊधर रीवा धान भेजे जाने संबंधी निर्णय को लेकर नागरिक आपूर्ति निगम प्रबंधक अनिल मिश्रा का कहना है कि मुख्यालय से अब तक रीवा धान भेजे जाने संबंधी निर्णय को निरस्त करने का पत्र प्राप्त नहीं हुआ है तथा वो विभागीय दिशा निर्देशों का पालन कर रहे हैं। निर्णय निरस्त होता है तो वो कटनी की धान की मीलिंग रीवा में न कराकर कटनी में ही कराएंगे लेकिन अभी इस संबंध में कोई दिशा निर्देश नहीं मिले हैं।

### इनका कहना है

रीवा से गाड़ियां धान लेने मझगवां के मारूति वेयर हाऊस गाड़ियां पहुंची है लेकिन उनको धान नहीं दी जा रही है। गाड़ियां वेयर हाऊस में खड़ी हैं।

**-अनिल मिश्रा,** प्रबंधक, नान

# बड़वारा पुलिस ने जप्त की शराब

**कटनी, यशभारत।** बड़वारा थाना प्रभारी रश्मि सोनकर ने बताया कि ग्राम विलायतखुर्द के ग्राम वासियों एवं रुढ़ी प्रथा, पारम्परिक ग्राम सभा स्थाई समिति विलायतखुर्द द्वारा एक लिखित ज्ञापन देकर बताया गया कि विलायतखुर्द में अवैध रूप से शराब बिक्री होती है। इससे समाज एवं बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। शिकायत मिलने पर थाना प्रभारी ने टीम गठित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की। प्रधान आरक्षक नितिन जायसवाल मूरत गिरी निवासी विलायतखुर्द के पास से 20 पाव शराब जप्त की। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



# मोटर सायकल चोर गिरफ्तार

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली क्षेत्र की खिरहनी फाटक चौकी पुलिस ने एक बाइक चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की एक मोटर सायकल बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह व कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई में खिरहनी पुलिस चौकी प्रभारी के.के.पटेल, प्रधान आरक्षक सुनील राजपूत व वीरेंद्र सिंह की भूमिका रही। बताया जाता है कि आरोपी को गिरफ्तारी के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# पत्नी गई मायके पति ने किया विषपान

### हालत गंभीर, अस्पताल में भर्ती

**कटनी, यशभारत।** पति-पत्नी के बीच विवाद, रंजिश में आत्मघाती कदम उठाने के मामलों में लगातार इजाफा हो रहे हैं। छोटी-छोटी तकरार में अलग हो जा रहे हैं। कई तो आत्महत्या करने पर उतारू हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला कुठला थाना क्षेत्र के मझगवां फाटक में सामने आया है। जहां पर एक युवक ने पत्नी के मायके चले जाने से क्षुब्ध होकर जहर पी लिया। परिजनों ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उपचार जारी है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मझगवां फाटक निवासी 25 वर्षीय पुष्पेंद्र सिंह पिता ब्रजपाल सिंह की पत्नी मायके चली गई। इससे दुखी होकर पति ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां युवक का इलाज जारी है। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

बेचना है

ग्राम पड़ुआ जिला-कटनी पीरबाबा के आगे डाबर फैक्ट्री के सामने NH-7 रोड से लगी 9 आरे जमीन बेचना है। इच्छुक खरदीदार ही संपर्क करें। मो. 7987947984

सम्पूर्ण सृष्टि के पाप पुण्य का लेखा जोखा रखने वाले आदिदेव



भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्रकटोत्सव के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं



योगेश खरे

जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा कटनी

# प्रमाणित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके शिकायतकर्ता

# सिविल सर्जन के भतीजे से पुलिस ने की पूछताछ

## स्वास्थ्य मंत्री के लेटरपैड व फर्जी सप्लाई ऑर्डर दिखाकर करोड़ों की ठगी का मामला

**कटनी, यशभारत।** कथित तौर पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी का फर्जी लेटरपैड दिखाकर लोगों से करोड़ों रुपए ऐंठने की शिकायत को लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। बुधवार को नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित कोतवाली में शिकायतकर्ताओं का जमावड़ा लगा रहा। इसके अलावा सिविल सर्जन का भतीजा अर्जित वर्मा व उसके परिजन पहुंचे और पुलिस के समक्ष अपनी बात रखी। पुलिस ने कथन लेते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। अब पुलिस को शिकायत में प्रमाणित साक्ष्य का इंतजार है। नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह ने बताया कि बुधवार को अर्जित वर्मा को कार्यालय में बुलाकर पूछताछ की गई है। अर्जित का कहना है कि उसने किसी से भी रुपए नहीं लिए हैं। लगाए जा रहे आरोप निराधार हैं। शिकायतकर्ता रूपेश सरावगी आदि के भी कथन लिए गए हैं। अभी इस मामले में ठगी संबंधी प्रमाणित दस्तावेज नहीं मिले हैं। मामले की जांच जारी है।



### अब इंदौर से सत्यम के आने का इंतजार

शिकायतकर्ता युवक रूपेश सरावगी, सिद्धार्थ खर्द, अरुण कुशवाहा, आदित्य गंगराड़े आदि ने पुलिस को बताया कि उनके साथ एक करोड़ 39 लाख रुपए से अधिक की ठगी की गई है। उनके साथ सत्यम शर्मा के पास लेन देन के प्रमाण हैं, वह इंदौर में नौकरी करता है। इस मामले की आगे की जांच के लिए पुलिस ने उसे इंदौर से बुलाया है।

### जांच के दायरे में अस्पताल में सामान की सप्लाई

ऊधर सूत्रों के अनुसार अर्जित वर्मा द्वारा अलग-अलग नामों से सप्लाई किए जाने की बात सामने आ रही है। अर्जित वर्मा की एबी वॉरियर्स फर्म सहित एम इंटरप्राइजेज, एलओएल, एन एग्जिम, आर इंटरप्राइजेज, एम इंटरप्राइजेज आदि के माध्यम से रोगी कल्याण समिति को कुछ वर्षों में करोड़ों रुपए की सामग्री की सप्लाई हुई है। इसमें कूलर, पंखा, फर्नीचर, कम्प्यूटर, रेफ्रीजरेटर सहित अन्य इलेक्ट्रिक सामान सहित पुताई आदि सामग्री का काम दिया गया है।

### सीएस ने आरोपी भतीजे को थमाया नोटिस

भतीजे अर्जित वर्मा के खिलाफ पुलिस में शिकायत होने के बाद सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा ने भतीजे को अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस थमाया है, जिसकी सूचना पुलिस को दी है। नोटिस के मुताबिक अर्जित वर्मा ने डॉ. यशवंत वर्मा की पत्नी डॉ. सुनीता वर्मा से अक्टूबर 2022 में 10 लाख रुपए उधार लिए थे जो अब तक नहीं चुकाए हैं।

### आरोपों को निराधार बता रहा आरोपी

इस पूरे मामले को लेकर अर्जित वर्मा का कहना है कि पारिवारिक प्रतिष्ठा का फायदा उठाकर ऐसा किया जा रहा है। मेरे द्वारा इन लोगों से कोई रुपए नहीं लिए गए हैं। मैंने बुधवार को थाने में अपने कथन दिए हैं। जो आरोप लगाए जा रहे हैं वे निराधार हैं। पुलिस को मैंने बैंक अकाउंट आदि की डिटेल दी है। यह बात सही है कि मैंने कोविड के समय इन लोगों के साथ काम किया है। सर्जिकल सामग्री सप्लाई करते थे। कैमोर, जबलपुर सहित अन्य स्थानों पर सामग्री सप्लाई का काम करते थे। सत्यम शर्मा के माध्यम से कुछ लेनदेन करते थे जो लेते थे वह लौटा दिया है। पुलिस को पत्र देकर हम भी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### इनका कहना है

अक्टूबर 22 में शादी के लिए हमसे 10 लाख रुपए अर्जित ने उधार लिए थे, वे अब तक नहीं लौटाए हैं। उसको लेकर हमने अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस दिया है व पुलिस को सूचना दी है। जिला अस्पताल में एबी वॉरियर्स नामक अर्जित की फर्म से कुछ सामान की सप्लाई हुई है। इसकी ज्यादा जानकारी अभी नहीं है।

**-डॉ. यशवंत वर्मा,** सिविल सर्जन

इस मामले की जांच सीएसपी को सौंपी गई है। शिकायतकर्ताओं सहित जिस युवक पर ठगी का आरोप लगा रहे हैं उससे पूछताछ करने कहा गया है। शिकायतकर्ता अभी प्रमाणित साक्ष्य भी प्रस्तुत नहीं कर रहे हैं। शीघ्र ही इस मामले में एफआइआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**-अभिजीत रंजन,** पुलिस अधीक्षक

तांडव

दर्द का जानी दुश्मन

गठियावात
कमर दर्द
जोड़ो का दर्द
सूजन
मांसपेशीयों का दर्द

तांडव™ तेल

सभी प्रकार के वात रोगों में उपयोगी

TANDAV HERBAL PHARMACY

Customer Care : +91 7974979179

अस्पताल में कार्य करने हेतु स्टाफ की आवश्यकता है

1. जूनियर ड्यूटी डॉक्टर
2. नर्सिंग स्टाफ
3. लैब टेक्नीशियन
4. वार्ड बॉय
5. सिक्योरिटी गार्ड
6. सफाई कर्मचारी

डॉ. अनमोल चौदहा

एमडी (शिशु रोग) एफ.आई.एन. (बाम्बे) पी.जी.पी.एन. (बोस्टन, यू.एस.ए.) फेलोशिप इन न्योनेटालाजी नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ वाडिया हॉस्पिटल, बाम्बे

जी.डी. मेमोरियल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

डन कॉलोनी बरगवां, कटनी

संपर्क:-फोन- 07622-494511, मो. 9893723087

डॉ. कनिका अग्रवाल

M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)

पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई

चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ

देवपद

स्किन एवं हेयर क्लीनिक

मिलने का समय- सोमवार से शनिवार सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।

महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

अब बार-बार लाइट जाने से छुटकारा

9 वॉट इन्वर्टर बल्व उपलब्ध है।

एलईडी बल्ब, ट्यूबलाईट, पंखे 50 वॉट (कॉपर वाइंडिंग)

2 साल की वारंटी सहित मिलने का एकमात्र स्थान



एलईडी हाउस

संपर्क - वेंकट खंडेलवाल जयदयाल रोड सुभाष वार्ड कटनी

मो.9893009212



डॉ.दीपक सक्सेना डॉ.शोभना सक्सेना

SHRI HOSPITAL KATNI

विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसुति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ

सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।

डॉ. शोभित प्यासी
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
रूट कैनाल विशेषज्ञ

डॉ. उपासना स्थापक
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ

संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी

9425325316, 9425151543, 9752414316

SGAT

Johnson Pedder

SETMAX CERAMIC

AVENUE

suncorp

शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स

सभी प्रकार के मार्बल, ग्रेनाईट टाईल्स, कड़प्पा, कोटा, सीमेंट सेनेटरी के थोक एवं फुटकर विक्रेता

पता- आस्था प्लाजा के बगल में बरगवां, कटनी (म.प्र.),

मो. 9009767272, 7694800301, 9981895362

ईमेल- sgatkani11@gmail.com

naturals

India's No.1 hair and beauty salon

OPEN NOW

@ CITY MALL



@ City Mall Katni, 2nd Floor,Barhi Road, Near Main Railway Station, Katni M.P. - 483 501

Mobile : 9343609476

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)